संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.: CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक-013/रायगढ़/2020-2022


# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक-116 शनिवार,25 फरवरी 2023, पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपये
मूल्य :-2/- पृष्ठ 08

## संक्षिप्त समाचार

### अदालत ने पूनावाला के खिलाफ आरोपों पर सुनवाई के लिए 7 मार्च की तारीख तय की



**नई दिल्ली ,24 फरवरी 2023 (ए) ।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर का गला घोंटने और उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ आरोपों पर दलीलें सुनने के लिए सात मार्च की तारीख तय की। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनीषा खुराना कक्कड़ ने पूनावाला को अदालत में शारीरिक रूप से पेश किए जाने के बाद आरोपों पर सुनवाई की तारीख तय की। इससे पहले, 21 फरवरी को एक मजिस्ट्रेट अदालत ने मामले को सत्र अदालत को भेज दिया था।

### महिलाओं को पीरियड्स लीव की याचिका पर सुप्रीमकोर्ट का जवाब

**नई दिल्ली ,24 फरवरी 2023 (ए) ।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में सभी कामकाजी महिलाओं और छात्रों को पीरियड्स लीव दिए जाने की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह पॉलिसी मैटर है इसलिए याचिकाकर्ता को सरकार के पास जाना होगा और अपनी मांग के साथ ज्ञापन देना होगा।

# आप और बीजेपी पार्षदों के बीच जमकर मारपीट

### महापौर से भी हाथापाई,कई घायल

**नई दिल्ली ,24 फरवरी 2023 (ए) ।** दिल्ली एमसीडी में स्टैंडिंग कमेटी (स्थायी समिति) के चुनावों में नतीजों के बाद से सदन में हंगामा बरप रहा है। भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच जमकर मारपीट हो गई। वहीं, महापौर शैली ओबेरॉय के साथ भी हाथापाई है। आप और भाजपा और पार्षदों के बीच जमकर लात-घूंसे चल रहे हैं। साथ ही एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकी गई हैं।

पार्षदों के बीच बुरी तरह से मारपीट हुई। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई, बीच-बचाव करने के बाद भी पार्षद नहीं माने। वहीं, मारपीट में भाजपा की मीनाक्षी शर्मा (नांगलोई वार्ड से पार्षद) घायल हो गईं। उन्होंने कहा कि उनपर किसी नुकीली चीज से वार किया गया है। वहीं, एक पार्षद मारपीट की वजह से बेहोश भी हो गया।

स्थायी समिति के चुनावों की मतगणना अभी तक शुरू नहीं हो पाई है। भाजपा पार्षद इसका विरोध कर रहे हैं। महापौर ने कहा कि अगर आप दोबारा मतगणना नहीं होने देंगे तो मैं रद वोट को हटाकर नतीजे घोषित कर दूंगी।



### ये है विवाद

भाजपा के किसी पार्षद ने जो वोट दिया, वह पहली प्राथमिकता पर पंकज लूथरा को वोट दिया है, जबकि गजेंद्र सिंह दराल और कमलजीत सहरावत के सामने 2-2 लिख दिया है। सूत्रों का दावा है कि चुनाव आयोग के अधिकारियों ने पहली प्राथमिकता पर पंकज लूथरा के वोट को सही माना है, जबकि कमलजीत सहरावत और गजेंद्र दरार को दूसरी दूसरी प्रथामिकता पर वोट देने को रद किया है।सूत्रों का दावा है कि राज्य चुनाव से आए अधिकारियों ने तीन-तीन सीट पर भाजपा और आप को जीतने का रिजल्ट बनाकर दिया है, लेकिन महापौर ने रिजल्ट के बाद एक वोट को रद् घोषित कर दिया है। जिस पर निगम सचिव और चुनाव आयोग के अधिकारी ने हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है। अब महापौर ने दोबारा गिनती के आदेश दिए हैं, लेकिन अधिकारी भी तैयार नहीं है। एक वोट रद होने से आम आदमी पार्टी के चौथे प्रत्याशी को जीतने में मदद होगी।

# राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल पर जानलेवा हमला



### इलाज के दौरान मौत

**प्रयागराज ,24 फरवरी 2023 (ए) ।**उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) विधायक राजू पाल हत्याकांड के प्रमुख गवाह उमेश पाल पर जानलेवा हमले की खबर है। ताबड़तोड़ फायरिंग और देसी बमों से किया अटैक के दौरान उमेश पाल और उसकी सुरक्षा में तैनात दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए। सभी घायलों को प्रयागराज के स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल भेजा गया है।

### घर में घुसकर गोलियों से भूना

फ्री प्रेस जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार को उमेश पाल के घर में घुसकर गोली मारी गई। प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र में वारदात को अंजाम दिया गया। इस मामले में बसपा ने उत्तर प्रदेश पुलिस के तहत कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

### पूर्व सांसद और माफिया हत्या के मुख्य आरोपी

रिपोर्ट के अनुसार बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के प्रमुख आरोपी माफिया अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ हैं। अतीक अहमद पूर्व सांसद भी रह चुके हैं। यह भी रोचक है कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में कई माफियाओं के खिलाफ बुलडोजर वाली सख्त कार्रवाई की गई। इसी दौरान अक्टूबर, 2020 में अतीक के करीबी जुल्फिकार से जुड़ी प्रॉपर्टी पर बुलडोजर चलाया गया था।


### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच

बता दें कि हत्या के 11 साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सीबीआई जांच का आदेश पारित किया था। दिवंगत बसपा विधायक राजू पाल की पत्नी ने देश की सबसे बड़ी अदालत से फरवरी, 2015 में सीबीआई जांच की गुहार लगाई थी। 22 जनवरी, 2106 को शीर्ष अदालत ने सीबीआई जांच की अपील स्वीकार कर देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी-छ्ब्क्ष् को बसपा विधायक हत्याकांड की जांच का निर्देश दिया था।

### 18 साल पहले हुई हत्या

गौरतलब है कि इलाहाबाद पश्चिम से बसपा प्रत्याशी राजू पाल ने 2004 के विधानसभा चुनाव में खालिद अजीम उर्फ अशरफ को हरायाथा। चुनाव के ठीक चार महीने बाद एक हमले में पाल और उनके दो बंदूकधारियों की मौत हो गई थी। हमला 25 जनवरी, 2005 को सुलेम सराय बाजार में हुआ था।

# पूर्व विधायक की निर्माणाधीन कोल्ड स्टोरेज का लेंटर गिरा



### 35 दबे,7 मौत की सूचना

**मेरठ,24 फरवरी 2023 (ए) ।।** बसपा से पूर्व विधायक रहे चंद्रवीर सिंह का दौराला में जनशक्ति कोल्ड स्टोरेज है। शुक्रवार की दोपहर कोल्ड स्टोरेज में लिंटर डाला जा रहा था और 35 से अधिक मजदूर कार्य कर रहे थे। अचानक लिंटर की शटरिंग गिर गई और पूरा मलबा नीचे काम कर रहे मजदूरों पर आ गिरा। सूचना पर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और दबे मजदूरों को निकालना शुरू किया गया।

अब तक मिली सूचना के अनुसार, 7 मजदूरों की मलबे में दबकर मौत हो चुकी है, जबकि अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को पुलिस ने अस्पताल भेजा। जेसीबी मशीन से मलबा हटाकर नीचे दबे लोगों को निकालने का कार्य जारी है। प्रकरण में अभी कोई अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहा है।

### हादसे के बाद चंद्रवीर की तबीयत खराब

कोल्ड स्टोर के स्वामी चंद्रवीर सिंह की बेटी मनीषा अहलावत का कहना है कि कोल्ड स्टोर पर आज ही कर्मचारियों ने काम शुरू किया था। कोल्ड स्टोर हादसे के बाद चंद्रवीर की तबीयत खराब हो गई है, जिससे वे मौके पर पहुंच नहीं पा रहे हैं। बता दें कि सूचना मिलने पर घटनास्थल पर मेरठ के एसएसपी और केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान पहुंचे गए। संजीव ने घटनास्थल पर मौजूद मजदूरों से बातचीत की और घटना के बारे में जाना। दौराला के सीओ अभिषेक ने बताया कि 5 लोगों के मरने की सूचना है। अभी तक 12 लोगों को बाहर निकाला जा चुका है। रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा रहा है। जेसीबी मशीन से मलबा हटाया का काम हो रहा है।

# पुलिस की वर्दी में आतंकी कर सकते हैं अयोध्या में राम मंदिर पर हमला

**अयोध्या ,24फरवरी 2023 (ए) ।** श्रीराम मंदिर पर आत्मघाती हमला होने की आशंकाएं बढ़ती जा रही हैं। इसी बीच खबर आई है कि मंदिर परिसर को 'नो-फ्लाइंग जोन' घोषित करने की पूरी तैयारी हो चुकी है। इसके बाद ड्रोन, हवाई जहाज या चॉपर, कोई भी यहां से नहीं गुजर सकेगा। ऐसी सूचना है कि नया खतरा आत्मघाती हमले का है। सूत्रों के अनुसार, मंदिर में 'पुलिस और फौज' की वर्दी में घुसकर हमला हो सकता है। ऐसे हमले में आतंकी पहले धमाका करते हैं और उसके बाद फायरिंग होती है। इस तरह के संभावित हमलों के मद्देनजर मंदिर परिसर की सुरक्षा को और ज्यादा पुख्ता बनाया जा रहा है। सूत्रों के हवाले से कुछ दिन पहले एक मीडिया रिपोर्ट सामने आई थी कि 2024 में मंदिर के तैयार होने से पहले राम जन्मभूमि पर हमला करना अब इन आतंकी संगठनों का प्रमुख टारगेट बन गया है। इन आतंकवादी संगठनों की मंशा इस हमले की साजिश को अंजाम देने के साथ ही इसे एक बड़ी हिंदू-मुस्लिम सांप्रदायिक हिंसा के रूप में दुनिया के सामने पेश करने की भी है। खुफिया सूत्रों का मानना है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की इस बारे में कुछ मजबूरियां भी सामने आई हैं. पाकिस्तान की आईएसआई कश्मीर में धारा- 370 को सफलता से हटाए जाने के बाद से हिंसा भड़काने में साफ तौर से विफल रही है।

# एअर इंडिया एक्सप्रेस विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया

### तिरुवनंतपुरम में आपात स्थिति में उतरा

**तिरुवनंतपुरम (केरल),24 फरवरी 2023 (ए) ।** कालीकट से दम्मम जा रहे एअर इंडिया के एक विमान के पिछले हिस्से के उड़ान भरने के दौरान 'संदिग्ध रूप से रनवे से टकरा जाने के बाद उसे यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। एअर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान आईएक्स 385 दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर 168 यात्रियों के साथ तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी जिसके बाद हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने पहले घोषित पूर्ण आपात स्थिति हटा दी। एअर इंडिया ने कहा कि कालीकट हवाई अड्डे से उड़ान भरते हुए विमान का पिछला हिस्सा संदिग्ध रूप से टकरा गया जिसके कारण कोझीकोड-दम्मम उड़ान का मार्ग तिरुवनंतपुरम की ओर मोड़ दिया। एअरलाइन ने एक अन्य विमान से यात्रियों को दम्मम भेजने की व्यवस्था की। इस विमान के आज शाम को ही तिरुवनंतपुरम से उड़ान भरने की संभावना है। एअर इंडिया ने एक विज्ञप्ति में कहा, एअरलाइन कर्मी तिरुनवंतपुरम में यात्रियों की सभी आवश्यकताओं का ध्यान रख रहे हैं।



इस बीच, विमानन नियामक डीजीसीए ने कहा कि वह घटना की जांच करेगा। तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन करने वाले अडाणी समूह ने कहा कि उन्होंने कालीकट पर घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद आपात स्थिति की घोषणा कर दी थी। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने कहा, शुरुआत में विमान को सुबह 11 बजकर तीन मिनट पर उतरना था लेकिन बाद में इसका समय बदलकर दोपहर 12 बजकर 15 मिनट कर दिया गया। सुबह 11 बजकर 36 मिनट पर हमने हवाई अड्डे पर पूर्ण आपात स्थिति की घोषणा कर दी और सभी आपात सेवाओं को तैयार रहने को कहा। हवाई अड्डे पर सभी एम्बुलेंस और तीन क्रैश फायर टेंडर तैयार थे और आपात द्वार खुले थे। एहतियातन तौर पर नजदीकी अस्पतालों से एम्बुलेंस और पुलिसकर्मियों को लेकर तीन बस हवाई अड्डे पर पहुंची।

# कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत,चार घायल



**धारवाड़ ,24फरवरी 2023 (ए) ।** यहां कार-ट्रक की टक्कर में एक बच्चे सहित पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार रात को हुई, जब लोगों का एक समूह सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित एक युवक को विदा करने जा रहा था। एक व्यक्ति को बचाने के प्रयास में कार के चालक ने नियंत्रण खो दिया और तेगुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीछे से एक ट्रक में जा घुसी। हालांकि इस घटना में राहगीर की भी मौत हो गई।

अग्निवीर मंजूनाथ को गंभीर चोटें आई और उन्हें अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

मृतकों की पहचान नागप्पा इरप्पा मुद्दोजी (29), महंतेश बसप्पा मुद्दोजी (40), बसवराज शिवपुत्रप्पा नारगुंड (35) और पांच वर्षीय लड़के श्रीकुमार नरगुंड और इरन्ना गुरुसिद्दप्पा रामनगौदर (35) के रूप में हुई है।

पांचों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि इरन्ना पैदल यात्री थे, बाकी सभी कार सवार थे।

घटना में श्रवण कुमार नरगुंड, मदिवलप्पा अलनावर, प्रकाश गौड़ा घायल हो गए। मंजूनाथ मुद्दोजी को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए अग्निवीर के रूप में चुना गया था। पुलिस ने कहा कि उसका परिवार और दोस्त उसे बेलगावी से हुबली छोड़ने जा रहे थे।

# अडानी ग्रूप को सुप्रीम झटका,मीडिया रिपोर्टिंग पर बैन की मांग वाली याचिका खारिज



**नई दिल्ली ,24 फरवरी 2023 (ए) ।** संकटों का सामना कर रहे अडानी ग्रुप को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने अडानी ग्रुप को लेकर आई हिंडनबर्ग रिपोर्ट से जुड़ी मीडिया कवरेज पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इस संबंध में दायर याचिका को खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि हम मीडिया पर रोक नहीं लगा सकते। हम अपना फैसला सुनाएंगे।

वकील एमएल शर्मा ने याचिका दायर की थी। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने कहा हम ऐसा कोई आदेश नहीं जारी करेंगे, जो मीडिया पर रोक लगाने संबंधी है। अडानी संबंधी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले भी सख्ती दिखाई थी। कोर्ट ने केंद्र के उस पेशकश को खारिज किया था, जिसमें सरकार ने जांच पैनल की रिपोर्ट सील्ड कवर में पेश की थी। अडानी ग्रुप की तरफ से एक और याचिका दायर है, जिसमें हिंडनबर्ग के खिलाफ एक जांच के आदेश देने की मांग की गई है।

अडानी ग्रुप की तरफ से याचिका दायर करने वाले वकील एमएल शर्मा ने कोर्ट में कहा कि मामले की रिपोर्टिंग करके मीडिया सेंशेसन पैदा कर रही है। केस की सुनवाई कर रहे चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि 'वाजिब बात कीजिए, मीडिया रिपेर्टिंग पर रोक लगाने की बात मत कीजिए।' चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि बेंच इस मामले में जल्द ही एक आदेश जारी करेगी।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते चीफ जस्टिस की ही एक बेंच ने हिंडनबर्ग-अडानी मामले में इन्वेस्टर्स और स्टॉक मार्केट को सुरक्षित रखने के लिए एक एक्सपर्ट पैनल बनाने की मांग वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा था। इसी मामले में केंद्र सरकार ने एक सील्ड कवर में अपने सुझाव दिए था और कुछ नाम सुझाए थे, जिन्हें एक्सपर्ट पैनल में शामिल किया जा सकता था। सीजेआई की बेंच अडानी केस में कई याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर रही है, जिसमें दो याचिकाओं में हिंडनबर्ग के खिलाफ जांच के आदेश की मांग और दो याचिकाएं अडानी ग्रूप के खिलाफ जांच के आदेश की मांग के लिए दायर हैं।



# 10 माह के बच्चे को पहले छोड़ गई पड़ोसन के पास

### फिर 10 साल बाद आकर मांगने लगी बच्चा, इस मामले पर कोर्ट ने सुनाया हैरान करने वाला फैसला

**नई दिल्ली ,24 फरवरी 2023 (ए) ।।** कोर्ट के सामने एक बेहद अजीबो-गरीब मामला आया है। एक महिला ने बच्चे को जन्म दिया लेकिन उसे पड़ोसन को दे दी। 10 माह के बच्चे को पड़ोसन देकर महिला लापता हो गई। पड़ोसन ने उस 10 माह के बच्चे को 10 साल तक पाला पोसा। 10 साल बाद वापस वह लौटी और बच्चे को वापस मांगने लगी।

पालन पोषण करने वाले दंपत्ति ने बच्चा देने से इंकार कर दिया। महिला ने पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करा दी। दंपत्ति से बच्चे को लेकर पुलिस ने उसे बाल सुधार समिति को सौंप दिया। जिसके बाद महिला फिर से लापता हो गई।

कोर्ट से कई बार महिला को नोटिस जारी किया गया लेकिन महिला उपस्थित नहीं हुई। पुलिस ने बताया कि महिला से किसी भी तरह का कोई संपर्क नहीं हुआ। महिला ने शिकायत में अपना जो पता लिखाई वह गलत है। उसका मोबाइल भी बंद है। इसकी वजह से 7 महीने तक बच्चे को बाल सुधार गृह में ही रहना पड़ा।

मामला दिल्ली की कड़कड़डूमा फैमिली कोर्ट का है। पालन पोषण करने वाले दंपत्ति ने कोर्ट के सामने बच्चे को वापस पाने की गुहार लगाई। न्यायालय के अतिरिक्त प्रिंसिपल न्यायाधीश ने बच्चे को कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया। अदालत ने जब 11 साल के बच्चे से उसके माता-पिता का नाम पूछा तो उसने पालन पोषण करने वाले दंपत्ति को ही अपना माता-पिता बताया। जन्म देने वाली मां को बच्चे ने पहचाना ही नहीं।

बच्चे को पालने वाली मां ने बताया कि जिस महिला ने बच्चे पर दावा किया है उसी ने ही उस बच्चे को जन्म दिया है। वह 10 साल पहले पड़ोस में ही रहती थी और उसका पति कहीं बाहर रहता था। 10 साल पहले 12 अक्टूबर साल 2012 को महिला यह कहकर 10 माह के अपने बच्चे को उसके पास छोड़कर गई थी कि वह थोड़ी देर में कहीं से आती है। वह वापस नहीं लौटी तो उन्होंने पुलिस थाना में भी इसकी जानकारी दी। उन्होंने अपने दोनों बच्चों की तरह इस बच्चे को भी अपने बच्चे की तरह पाला। पिछले साल अगस्त 2022 में महिला वापस लौटी और बच्चे को साथ में ले जाने की जिद करने लगी। इस मामले में कड़कड़डूमा फैमिली कोर्ट ने उनकी परिवरिश से संतुष्ट होकर पालन-पोषण करने वाले दपंति को बच्चा सौंप दिया है।

## संपादकीय

# जातिवाद के दंश से बेहाल समाज

आज़ादी के 75 साल बाद भी हमारे समाज में कुछ ऐसी बुराईयां मौजूद हैं जो इसकी जड़ों को खोखला करता जा रहा है. इसमें सबसे प्रमुख जातिवाद का दंश है. जिसके कारण दलित और कमज़ोर तबका प्रभावित होता है. पिछले तीन वर्षों में, यानि 2019 से 2021 के दौरान, देश में दलितों के खिलाफ अत्याचार में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के नवीनतम उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, रिकॉर्ड किए गए मामले 2019 में 45,961 से बढ़कर 2021 में 50,900 हो गए हैं. हालांकि हमारा संविधान कहता है कि भारत में किसी के साथ धर्म, जाति, लिंग, जन्मस्थान के आधार पर किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया जाएगा, क्योंकि यहां सभी वर्ग समान हैं.

लेकिन इक्कीसवीं सदी के इस दौर में भी भारत के कई कोनों से ऐसी खबरें आए दिन हमारे सामने आती हैं जिसमें किसी न किसी के साथ धर्म, जाति, लिंग आदि के आधार पर बुरा बर्ताव किया जाता है. संविधान का अनुच्छेद 15 नागरिकों को जातिवाद, अस्पृश्यता, धर्म और लिंग के आधार पर विभिन्न प्रकार के भेदभाव से बचाता है. हालांकि कुछ क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता और जाति मान्यताओं की कमी के कारण लोग अभी भी अस्पृश्यता का सामना करते हैं और भेदभाव का शिकार होते हैं. चिंता की बात यह है कि शिक्षित समाज में भी दलितों के साथ भेदभाव और अत्याचार देखने को मिलते रहते हैं. जहां पढ़े लिखे उच्च जाति के लोग मानसिक रूप से इस दुर्भावना के शिकार हैं.

हाल ही में ऐसा ही एक मामला उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक के चोरसो गांव का है. जहां एक सरकारी स्कूल की प्रिंसिपल पर आरोप है कि उन्होंने 11 साल के बच्चे को जातिगत भेदभाव के आधार पर मार मार कर अधमरा कर दिया था. ग्रामीणों का आरोप है कि वह प्रिंसिपल स्कूल के हर दलित जाति के बच्चों के साथ भेदभाव में करती हैं. इसी दुर्भावना में उसने बच्चे को इतना मारा कि किसी की भी रूह कांप उठे. इस संबंध में बच्चे की मां मंजू देवी कहती हैं कि मैंने कई बार स्कूल जाकर प्रिंसिपल से गुहार लगाई थी कि मेरे बच्चे को मारा न जाए और उसकी जाति को लेकर कुछ न बोला जाए, लेकिन वह कई बार घर आकर मुझे यही कहता था कि मुझे मारा जाता हैं और मेरी जाति का मजाक उड़ाया जाता है. मंजू देवी के अनुसार गांव में यही एकमात्र सरकारी स्कूल है. वह कहती हैं कि प्राइवेट स्कूल में बच्चे को भेजने की मेरी हैसियत नहीं है. मेरे बच्चे को इतना मारा गया कि मुझे मजबूरन पुलिस स्टेशन जाकर प्रिंसिपल के खिलाफ शिकायत करनी पड़ी. मंजू देवी की शिकायत के बाद कई और बच्चों के माता पिता भी सामने आए और उन्होंने भी अपने बच्चों के साथ हो रहे भेदभाव के खिलाफ शिकायत की. हालांकि प्रिंसिपल ने इन सब शिकायतों को खारिज किया है, परंतु मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर जांच की जा रही है.

जातिगत भेदभाव केवल चोरसो गांव तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसके आसपास के गांवों में भी दलितों के साथ भेदभाव के मामले सामने आते रहे हैं. इस संबंध में लमचूला गांव की एक किशोरी डॉली (बदला हुआ नाम) का कहना है कि हमारे गांव में पाडुस्थल यानी जन्माष्टमी का मेला लगता है, जहां मंदिर के अंदर दलित जाति के लोगों को प्रवेश की अनुमति नहीं होती है. उन्हें पूजा करने का भी अधिकार नहीं होता है. वह कहती है कि जब मंदिर के बाहर प्रसाद मिलता है तो वहां पर भी जाति के आधार पर दो लाइन बनाई जाती है. डॉली सवाल करती है कि जब भगवान के लिए तो सभी व्यक्ति एक समान है तो यह भेदभाव क्यों की जाती है?

# पंजाब से सीखे सारे भारत के राजनैतिक नेता

अब से लगभग 65 साल पहले मैंने इंदौर में एक आंदोलन चलाया था कि सारे दुकानदार अपने नामपट हिंदी में लगाएं। अंग्रेजी नामपट हटाएं। दुनिया के सिर्फ ऐसे देशों में दुकानों और मकानों के नामपट विदेशी भाषाओं में लिखे होते हैं, जो उन देशों के गुलाम रहे होते हैं। भारत को आजाद हुए 75 साल हो रहे हैं लेकिन भाषाई गुलामी ने हमारा पिंड नहीं छोड़ा है। जो हाल हमारा है, वही पाकिस्तान, श्रीलंका और म्यांमार का भी है। नेपाल, बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसे देशों में ऐसी गुलामी का असर काफी कम दिखाई पड़ता है।

इस मामले में पंजाब की आप पार्टी की सरकार ने कमाल कर दिया है। उसने अब यह नियम (21 फरवरी) से लागू कर दिया है कि दुकानों पर सारे नामपट पंजाबी भाषा में होंगे और सारी सरकारी वेबसाइट भी पंजाबी भाषा में होंगी। जो इस नियम का उल्लंघन करेगा, उसे 5 हजार रु. तक जुर्माना भरना पड़ेगा। इससे भी सख्त नियम महाराष्ट्र में लागू हैं। वहां नामपट यदि मराठी भाषा और देवनागरी लिपि में नहीं होंगे तो एक लाख रु. तक जुर्माना ठोका जा सकता है। तमिलनाडु में भी जुर्माने की व्यवस्था है। कर्नाटक में भी नामपटों को कन्नड़ भाषा में लिखने का आंदोलन जमकर चला है।

यदि सारे भारत के प्रांत इसी पद्धति का अनुकरण करें तो कितना अच्छा हो। सबके घरों और दुकानों पर नामपट मोटे-मोटे अक्षरों में अपनी प्रांतीय भाषाओं में हों और छोटे-छोटे अक्षरों में राष्ट्रीय संपर्क भाषा हिंदी में हों और यदि कोई किसी विदेशी भाषा में भी रखना चाहें तो रखें। यदि यह नियम सारे देश में लागू हो जाए तो एक-दूसरे की भाषा सीखना भी काफी सरल हो जाएगा। यदि पंजाब की आप सरकार इतनी हिम्मत दिखा रही है तो दिल्ली में केजरीवाल की सरकार भी यही पहल क्यों नहीं करती?

दिल्ली अगर सुधर गई तो उसका असर सारे देश पर होगा। हमारे सभी राजनीतिक दल आजकल वोट और नोट के चक्कर में पागल हुए हैं। उन्हें समाज-सुधार से कोई मतलब नहीं है। भाषा के सवाल पर कानून बनाने की जरूरत ही क्यों पड़ रही है? यह तो लोकप्रिय जन-आंदोलन बनना चाहिए। जैसे 5-7 साल पहले मैंने ''स्वभाषा में हस्ताक्षर'' अभियान चलाया था। अब तक लगभग 50 लाख लोगों ने अपने हस्ताक्षर अंग्रेजी से बदलकर स्वभाषाओं में करवा लिए हैं।

भारत के लोगों में स्वभाषा-प्रेम कम नहीं है लेकिन उसे जागृत करने का जिम्मा हमारे राजनीतिक दल और नेता लोग ले लें तो भारत को महाशक्ति बनने में देर नहीं लगेगी। दुर्भाग्य है कि हमारे साधु-संत, मौलवी और पादरी लोग भी भाषा के मुद्दे पर मौन रहते हैं। क्या उन सब पर मैं यह रहस्य उजागर करूं कि कोई भी राष्ट्र विदेशी भाषा के दम पर महाशक्ति नहीं बना है।

**वेद प्रताप वैदिक**

# अंग्रेज़ी के बढ़ते वर्चस्व से घिरती हिन्दी भाषा

## देश के लिए एक चिंता का विषय!

हमारे देश भारत में बहुत सी भाषाएं और बोलियां हैं। इसलिए यहां यह कहावत बहुत प्रसिद्ध है- कोस-कोस पर पानी बदले, चार कोस पर वाणी। भारतीय संविधान में भारत की कोई राष्ट्र भाषा नहीं है। हालांकि केन्द्र सरकार ने बाईस भाषाओं को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थान दिया है। इसमें केन्द्र सरकार या राज्य सरकार अपने राज्य के मुताबिक़ किसी भी भाषा को आधिकारिक भाषा के रूप में चुन सकती है। केन्द्र सरकार ने अपने काम के लिए हिंदी और रोमन भाषा को आधिकारिक भाषा के रूप में जगह दी है। इसके अलावा राज्यों ने स्थानीय भाषा के मुताबिक़ आधिकारिक भाषाओं को चुना है। इन बाईस आधिकारिक भाषाओं में असमी, उर्दू, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओडिया, पंजाबी, संस्कृत, संतली, सिंधी, तमिल, तेलुगू, बोड़ो, डोगरी, बंगाली और गुजराती शामिल हैं। ग़ौरतलब है कि संवैधानिक रूप से हिंदी भारत की प्रथम राजभाषा है। यह देश की सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषा है।, इसलिए अंग्रेज़ी के बढ़ते वर्चस्व की स्वाभाविक चिन्ता भारत को सर्वाधिक है और यह इसलिए नहीं कि अंग्रेज़ी अब केवल भूमण्डलीकरण के कारण आ रही है, बल्कि इसलिए कि अंग्रेज़ी हमारे देश के पास गत दो सौ बरस से है, वह संविधान की भारतीय भाषाओं में शामिल है और शिक्षा में प्राथमिक से विश्वविद्यालय स्तर तक उसका अध्ययन-अध्यापन कराया जाता है। दूसरे वह हमारे केन्द्रीय शासन और प्रशासन की भी भाषा है। हमारे देश का प्रधानमंत्री, जन-नेता होने के बावजूद जब हमारी भाषा के बजाय अंग्रेज़ी में बोलता, लिखता है तो कहा जा सकता है कि जिस देश की सरकार स्वयं अंग्रेज़ी के वर्चस्व से दबी हुई है, जिसे अपनी भाषाओं पर गर्व और विश्वास नहीं है, वह सरकार हमारी भाषाओं को कैसे बचाएगी और अंग्रेजी के खतरे को या एक-भाषीयता के खतरे को कैसे मिटायेगी?

भोपाल में आयोजित एक संगोष्ठी में स्व. विद्यानिवास मिश्र ने कहा था कि हिन्दी हमसे छीन ली जानी चाहिए। जब हिन्दी कोई देश या राज छीन लेगा, तब जाकर हमें पता चलेगा कि अपनी भाषा क्या होती है और अपनी भाषा से वंचित होकर हम कितने पराधीन, लाचार और मजबूर हो गए हैं। अंग्रेज़ी का वर्चस्व बढ़ाने के लिए तो स्वतंत्रता के बाद न कोई अंग्रेज या अमरीकी यहाँ अपनी सत्ता लेकर आए, न वे तमाम अंग्रेज़ी भाषी देश आए जहाँ अंग्रेज़ी का वर्चस्व है। जब जहाँगीर के दरबार में पहली बार सर टॉमस रो आया था तो दो चीजें साथ लाया था - एक तो व्यापार और दूसरी भाषा। ईस्ट इण्डिया कम्पनी आई तो वह भी दो चीजें लेकर आई - वे ही - अर्थात् व्यापार और भाषा । यह स्वाभाविक व्यापारी शर्त होती है कि वह व्यापार के साथ-साथ अपना वर्चस्व भी बढ़ाने लगती है और यही वर्चस्व एक दिन राज या साम्राज्य में बदल जाता है। जब साम्राज्य कायम हो जाता है तो पहले तो वह जिस देश में होता है, उसकी भाषा या भाषाएँ मिटाता है और दूसरे अपनी भाषा लादता और आजमाता है। यह सभी उपनिवेशों में हुआ ! फ्रेंच, डच, पुर्तगाली जहाँ गए, वहाँ उन्होंने अपनी भाषा आजमाई, लादी और उस देश में उनकी ही भाषा को हीन या हेय बनाकर अपनी भाषा को प्रतिष्ठा-प्रतीक बना दिया । यह भारत में हुआ, मगर लातीनी या अफ्रीकी देशों की तरह हमारी भाषाएँ मिटी नहीं, जिसका सबसे बड़ा कारण यह नहीं था कि हमने अपनी भाषाओं को बचाया, उनको जीवित रखने का संघर्ष किया या कोई भाषाई खुद्ध लड़ा हो बल्कि असल बात यह थी कि अंग्रेज़ी हमारे लोक में स्वीकृत नहीं हो पाई, वह भी उस लोक में, जो निरक्षर, पिछड़ा या अनपढ़ कहा जाता था । निरक्षरता ने लोकभाषाओं और क्षेत्रीय भाषाओं की एक प्रकार से रक्षा ही की, क्योंकि अंग्रेज़ी उन लोगों पर छाई जो पढ़े-लिखे थे, शहरी थे और सरकारों में नौकर बनने को तैयार थे। किसान पढ़ा-लिखा नहीं था, इसलिए अंग्रेज़ी को उसने अपनी भाषा नहीं बनने दिया, किसान किसी सरकार का नौकर बनना नहीं चाहता था, इसलिए उसने सरकार की भाषा को भी नहीं अपनाया। किसान का अपना समाज, अपनी संस्कृति अपना लोकाचार था, इसलिए उसे किसी अन्य भाषा के जरिए आने वाली संस्कृति की ज़रूरत नहीं थी। आज भी यदि हमारी लोकभाषाएँ जीवित हैं तो वह हमारे लोक अर्थात् किसान, ग्रामीणजन, मजदूर और आदिवासियों के कारण। हम तो शिक्षा के नाम पर, व्यापार और नौकरी के नाम पर उनकी भाषा मिटाने को तुले हैं, उन्हें शिक्षित या साक्षर बनाकर उससे उनकी भाषा - चेतना, उनका भाषा-स्वभाव छीन लेना चाहते हैं। वे निरक्षर रह कर जितने शिक्षित और समझदार हैं उतने ही हम साक्षर बनाकर उन्हें स्वार्थी, नासमझ और भाषाविहीन बनाने का काम करेंगे।




एकभाषीयता भी कोई दुर्गुण नहीं होती बल्कि एकभाषीयता से हमारी भाषिक- राष्ट्र की राष्ट्रीयता भी बनती है। भाषा ही राष्ट्रीयता का निर्धारण करती है। बहुभाषीयता पहचान नहीं बनाती। बहुभाषीयता तो हमारे राष्ट्रीय बोध या हमारी देशभक्ति को ऐसी खिचड़ी में बदल देती है जिसका हर तत्त्व कच्चा रह जाता है। विविधता हमारी विशेषता हो। सकती है, राष्ट्रीयता नहीं। हमारे अन्दर राष्ट्रीय-स्वाभिमान की कमी का एक बड़ा कारण हमारी बहुभाषीयता ही है। हम अपना राष्ट्रबोध टुकड़ों में बँट-बँट कर जीते हैं। एक होते ही नहीं, क्योंकि हमारे पास एक समग्र संवादात्मक भाषा का अभाव है। अंग्रेज़ी से अंग्रेज़ की एकभाषीय अस्मिता भी है, आत्मविश्वास भी और राष्ट्रीयता भी । अंग्रेज़ी ही उनकी राष्ट्रीयता है। अपनी इस राष्ट्रीयता का आत्म-गौरव लेकर वे जहाँ गए वहाँ भाषा के जरिए ही उन्होंने अपना राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक वर्चस्व कायम किया । जो पढ़े-लिखे थे. अंग्रेज़ी शिक्षा सिखाकर उन्हें नौकरी दे दी, जो साहित्यकार या बुद्धिजीवी थे उन्हें अपनी भाषा का साहित्य दे दिया । साहित्य पढ़ाने के विभाग खुल गए और हमें अपनी भाषा का साहित्य हीन लगने लगा । अंग्रेज़ी साहित्य हमारे लिए प्रिय और प्रतिष्ठा का विषय बन गया।। भारत (आज़ादी के पहले का) तो ऐसा बना दिया कि अंग्रेज़ी भारत की नई राष्ट्रीयता ही बन गई ।

अंग्रेज़ी को एक महान भाषा मानना ही होगा। अंग्रेज़ी-भाषी कौम ने उसे महान बनाने के लिए जो परिश्रम किया, जो प्रचार किया, जो उपनिवेश और साम्राज्य रचा, साहित्य रचा, शोध किया, उसने हमारा स्वदेशी मनोविज्ञान ही बदल डाला। हमने अपनी पूरी राजनीतिक और बौद्धिक लड़ाई अंग्रेजी साम्राज्य के विरुद्ध अंग्रेज़ी में ही तो लड़ी। महारानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे और बहादुर शाह जफ़र अगर अंग्रेज़ी जानते होते तो अंग्रेज़ 1857 में ही हार जाते। हमें अंग्रेज़ी नहीं आती थी, इसलिए 1857 में युद्ध हम हारे, हमें अंग्रेज़ी आती थी इसलिए 1947 में हम जीते। हम मैदान में हारे मगर टेबल पर जीत गए वह भी अंग्रेज़ी के माध्यम से। विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर्स, देश के और खासकर इलाहाबाद के वकील, देश भर के डॉक्टर, नेता, बुद्धिजीवी अंग्रेज़ों से जब भी बौद्धिक रूप से लड़े, अंग्रेज़ी में लड़े, गाँधी जी ने गोलमेज बैठकों में अंग्रेज़ी में बहस की, सारे बड़े नेता अंग्रेजी में अंग्रेज़ों से टकराये, उन्हें कानूनी रूप से और राजनीतिक रूप से टेबल पर पराजित किया और परिणाम हुआ आज़ादी मिल गई। यह था उस एकभाषीयता का प्रभाव! गाँधी ने हिन्दी या हिन्दुस्तानी तक की वकालत की थी और यह कहा कि कह दो कि गाँधी अंग्रेज़ी भूल गया है तो शायद इसलिए कि गाँधी एकभाषीयता की ताकत अंग्रेज़ी के जरिए पहचान चुके थे और वैसी ताकत हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में बनाकर हिन्दी में देखना चाहते थे । हमने हिन्दी को संवाद के बजाए विवाद का विषय बना दिया और बहुभाषीयता की खिचड़ी में आज़ादी के नाम पर हिन्दी भाषा को अपने अहंकार के पीकदान में थूक दिया। अंग्रेज़ी हटाओ का एक ईमानदार आन्दोलन लोहिया ने ज़रूर किया था लेकिन अंग्रेज़ हमारे नेता, शासक और प्रशासकों के अन्दर जिस अंग्रेज़ी राष्ट्रीयता का बीज बो गए. थे, वह अब वृक्ष के रूप में इतना फैल गया है कि न तो कोई भी राष्ट्रीय आन्दोलन, संकल्प या कानून उस वृक्ष को काट सकता है, न उखाड़ सकता है और न हमारे अन्दर अंग्रेज़ों जैसा आत्मबल है और न अपनी भाषाओं के प्रति वैसा प्रेम या गौरव भाव। एक और बड़ा तथ्य यह है कि हम जब भी अपनी राष्ट्रीयता या भाषाई चिन्ता व्यक्त करते हैं, वह डर या सन्देह के साथ, शिकायत के साथ और पाखण्ड के साथ करते हैं। हमें डर लगता है कि अंग्रेज़ी नहीं होगी तो क्या होगा, नौकरी का क्या होगा, बड़े-बड़े वेतनों के बहुराष्ट्रीय या औद्योगिक पेकेजों का क्या होगा। फिर हमें सन्देह होता है कि कहीं ऐसा न हो कि हिन्दी वाले दक्षिण पर हावी हो जाएँ या दक्षिण वाले हिन्दी सीखकर उत्तर या हिन्दी क्षेत्र पर कब्जा कर लें। यह भी सत्य है कि हिन्दी नहीं मिटेगी, चाहे दुनिया भर की भाषाएँ यहाँ आ जाएँ। अंग्रेज़ी भले ही उच्च शिक्षा प्राप्त लोगों की जीविका की एक छोटी-सी भाषा बन गई है मगर लोक जीवन की भाषा नहीं बन पाई है। शिक्षा अगर बढ़ी और अंग्रेज़ी ज़्यादा सीखी भी गई तो उससे कोई नुकसान नहीं होगा, क्योंकि अंग्रेज़ी एक नौकर या नौकरी की ही भाषा रहेगी वह बेडरूम बाथरूम और किचन की भाषा नहीं बन पाएगी। किसान का हल अपनी ही भाषा में चलेगा, ठेकेदार मजदूर को अपनी ही भाषा में गाली भी देगा और मजदूरी भी देगा, धर्म, कर्म के पण्डे-पुजारी अपनी ही भाषा या संस्कृति आदि में पूजा, पाठ, शादी, विवाह करवाएँगे न कि अंग्रेज़ी में, भले ही शादी और बर्थडे काईस अंग्रेज़ी में हों। अभी अंग्रेज़ी ऐसी भाषा नहीं बनी है जिसमें श्लोक या मंत्र हों। अंग्रेज़ी ही आगे चलकर हिन्दी और भारतीय भाषाओं को बचाएगी भी । तब लोगों को लगेगा कि अंग्रेज़ी हमारी भाषाओं को हड़पने लगी है, तब सरकार और व्यापार की इस हड़प नीति के विरुद्ध फिर कोई 1857 दोहराया जाएगा और फिर किसी नये 1947 का सूर्योदय होगा। ज़रूरत है कि भाषाओं को लड़ने का मुद्दा बनाने के बजाए, पढ़ने का, पढ़ाने का, रचने का और उनमें बसने का मुद्दा बनाया जाए। अगर कम्प्यूटर आज यूनिकोर्ड लाकर सारी दुनिया को रोमनलिपि दे सकता है तो हम अपनी समस्त भाषाओं की एक पेसीग्रेफी या समान लिपि बनाकर भारतीय भाषाओं का यूनिकोड क्यों नहीं कर सकते! हीनताबोध, इच्छाशक्ति का अभाव, डर, सन्देह, शिकायत और मंचीय राजनीति से ग्रस्त देश जब तक एकभाषीयता का अपना राष्ट्रीय मॉडल नहीं रचता, तब तक अंग्रेज़ी का वर्चस्व कायम रहेगा और हम अपना आत्म-दारिद्रय जीते रहेंगे।



**श्याम कुमार कोलारे**
छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश

## अकेला हूँ

नाकाबिल, नाकामयाब,नकारा हूं,
दुनियां छोड़ मैं तो खुद से ही हारा हूं।
कहने खातिर साथ में लाखों हैं ,
फिर भी अकेला जो, वो ध्रुव तारा हूं
नाकाबिल, नाकामयाब,नकारा हूं।
डूबती नाव को बचाए जो ,
वो तिनके भर का सहारा हूं ,
नाकाबिल, नाकामयाब,नकारा हूं।
ना किसी से इश्क़, ना ही किसी से
बैर रखे वो आशिक़, आवारा हूं
नाकाबिल, नाकामयाब,नकारा हूं।
चाहत उस शख्स की है
जो मुकद्दर में नहीं ,
लागे बिन उसके जैसे अधूरा हूं ,
नाकाबिल, नाकामयाब,नकारा हूं।
दिखावटी दुनिया ये भागे उसके पीछे
दिखे जो मीठा
मैं तो सागर सा खारा हूं,
नाकाबिल, नाकामयाब,नकारा हूं।
जीने की चाह भी अब नहीं जिसको
लूटा हुआ, किस्मत से मारा हूं ,
नाकाबिल, नाकामयाब,नकारा हूं ,
दुनिया छोड़ मैं तो खुद से ही हारा हूं



**प्रियरंजन नायक**
खुटगांव
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## कोन भोगही सजा

काबर गंवा देहे अपन जान,
फटफटी के थोकन मस्ती
अउ गंवा डारे अपन प्रान,
नई सोचे थोरकिन
का होही तोर संगी साथी के,
तोर बारे दिया अउ बाती के,
का होही तोर घर परवार के,
डोकरी डोकरा बीमार के,
का होही तोर भाई अउ बहिनी के,
तोर सुनाय किस्सा कहिनी के,
तोर घर के मन अब
कब हांसहीं कब खलकहीं,
तोला पता नई हे
तोर सुरता म कतेक दिन ले
बिलखहिं,
कास समझाये म समझ जाय रते,
गाड़ी ल सुग्घर मंद
रस म चलाय रते,
का सबक लिहिं तोर
संगी लकलकाय मन?
का मान जाहीं सदा के
बकबकाय मन?
मत लेवव फुटानी के जादा मजा,
काबर भुला जाथव के गलती तोर रहि
अउ घर परवार के मन भोगहीं जियत
भर सजा।



**राजेन्द्र लाहिरी**
छत्तीसगढ़

## जीवन जीने की कला

जीवन जीने की कला,
जिसने सीखी, वही आगे चला,
उत्कृष्ट व्यवहार एवं विनम्रता,
रखने वाला ही जीवन को सही मायने
में समझता।
जीने का तरीका,
साथ रहने का सलीका,
हर पड़ाव को पार कर,
संयम से जिए जिंदगी भर।
मन में हो सकारात्मकता,
हो स्वयं में पूर्ण रूप से सहजता,
खुशियों से भरा हो हर महीना,
आज मैं पूरी तरह से आजाए जीना।
ह्रदय में ना हो मनमुटाव,
सोच सोच कर ना बढ़ाए कोई घाव,
ना करे किसी की निंदा और
आलोचना,
अपने जीवन को सही कर्मों से
सँजोना।
कौन क्या करता है वह उसका
व्यवहार,
ना भूले हम स्वयं के संस्कार,
हमारी अमूल्य जीवन को अपने हाथों
से ऐसा लिखें,
कि हमारी जीवनी से हर कोई अच्छी
सीख ले ।।



**डॉ. माधवी बोरसे**
राजस्थान
रावतभाटा

# शिक्षा बिना मानव अधूरा

कहा भी गया है-
येषां विद्या न तपो न दानं
ज्ञानं न शीलं न गुणों न धर्मः।
ते मृत्यु लोके भुवि भारभूता
मनुष्यरूपेण मृगार्श्चरन्ति।।

अर्थात जिस मनुष्य के पास ज्ञान,त्याग,और दान-धर्म मर्यादा शीलता के अभाव है, वह निश्चित रूप से इस धरती पर बोझ के समान है।और वह एक मनुष्य के रूप में पशु के समान ही है।

निश्चित रूप से मनुष्य के लिए यह शिक्षा नितांत आवश्यक है।इसके बिना उसका जीवन निरर्थक है।अर्थपूर्ण जीवन के लिए ज्ञान का अर्जन करना मानव का परम् कर्तव्य होना चाहिए।

ज्ञान प्राप्त करने के बाद मनुष्य के जीवन मे बहुत कुछ बदलाव आता है।जीवन मे निष्ठा,आदर्श,त्याग,समर्पण की भावना,राष्ट्रीयता,की भावना जागृत होती है।

मनुष्य अपने आप को समझ पाता है,और वह यह भी जाना पाता है कि उसके मानव जीवन का ध्येय क्या है?उसके कर्तव्य क्या है?उसके धर्म क्या है?उसके लिए सही रास्ते क्या ह?उनके जीवन के सही उद्देश्य क्या है?इन सारी बातों को वह अच्छी तरह समझ पाता है।और जिस दिन इन बातों को वह समझ पाता है, उसके जीवन का उद्देश्य पूरा होना शुरू हो जाता है।

और फिर शुरू होता उसके जीवन मे एक नया अध्याय। जिसको कहा जाता है-आदर्श जीवन।उद्देश्यपूर्ण जीवन।संस्कारपूर्ण जीवन।धर्म से युक्त जीवन।बाधाओं से मुक्त जीवन।

अर्थात कहा भी गया है-
वही विद्या है जो विमुक्त करे-
÷सा विद्या या विमुक्तये ।÷

शिक्षा जीवन के लिए यदि नितांत आवश्यक है, तो यह भी आवश्यक है कि वह शिक्षा संस्कार से युक्त हो अन्यथा वह शिक्षा, बेईमानी होगी।वह शिक्षा अधूरी होगी। क्योकि बिना संस्कार के शिक्षा, आदर्श,परिष्कृत और,जनहितार्थ नही हो सकती।संस्कार पूर्ण शिक्षा जीवन को सही रास्ता दिखाती है,जीवन को सुखमय बनाती है।अंततः जीवन को मोक्ष भी प्रदान करती है।

संस्कार से युक्त जीवन व्यक्ति म आदर्श,मर्यादा,सत्य,निष्ठा,त्याग,बलिदान,धर्म-आस्था का देशप्रेम की भावना को जागृत करता है।और यही शिक्षा का मूल उद्देश्य है इसके बिना शिक्षा का कोई महत्व नही है।और बिना संस्कार के शिक्षा का कोई औचित्य नही।



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायण(छ ग)

# दूरदर्शी व्यापक सोच-मिशन 12 वेबीनार शुरू

**केंद्रीय बज़ट 2023-24 के सप्तऋषि प्राथमिकताओं पर एक्शन शुरू**

**केंद्रीय बज़ट 2023-24 की घोषणाओं को कार्यान्वयन करने, तालमेल लाने, हितधारकों को एक साथ लाने गज़ब का मास्टर स्ट्रोक**

वैश्विक स्तरपर यूं ही नहीं भारत को किंग ऑफ द ह्यूमन माइंड कहा जाता है, दशकों से हम देख रहे हैं कि भारतीय नागरिकों की बौद्धिक क्षमता का किस तरह दुनियां में डंका बज रहा है, क्योंकि हम भारतीय जो ठान लेते हैं उसे करके ही दम लेते हैं। हमारी योग्यता में दिन दूनी रात चौगुनी प्रगति हो रही है, अब हम सौ सुनार की एक लोहार की, की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हमारी खासियत है कि हम अपनी गलतियों से सीखते हैं और आगे बढ़ कर लक्ष्यों को उसकी डेटलाइन से पूर्व ही प्राप्त कर लेते हैं अभी 1 दिन पहले ही एक अंतरराष्ट्रीय संस्था ने कहा है कि भारत अपनी उत्सर्जन क्षमता में अपने लक्ष्यों पर डेडलाइन से पहले ही पूरा कर लेगा ऐसा विश्वास है जो दिख भी रहा है। यह है मेरा देश भारत! हालांकि हमने वैश्विक स्तरपर आई विपत्तियों, महामारीयों, मंदी, प्राकृतिक आपदाओं में अपने कौशल, रणनीतिक और कुशल नेतृत्व से उपलब्धियां प्राप्त की है, जिससे दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। चूंकि हमारा बज़ट 1 फरवरी 2023 को घोषित हो चुका है परंतु बहुत बार हमने देखे हैं कि बजट में जितना एलोकेशन जिस क्षेत्र को दिया जाता है, उसमें अपेक्षाकृत काम कम होता है और अनेक क्षेत्रों में फंड बच जाते हैं।इस कमजोरी को हमारे नेतृत्व व नीति निर्धारकों ने पकड़ा है और दूरदर्शी व्यापक सोच के तहत मिशन 12 वेबीनार का आयोजन 23 फरवरी से 11 मार्च 2023 तक करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है,जो माननीय पीएम हर क्षेत्र के हित धारकों मंत्रालयों बुद्धिजीवियों सहित संलग्न व्यक्तियों को एक एक मंच पर लाकर उस क्षेत्र में बजट में की गई घोषणाओं को क्रियान्वयन आपसी तालमेल कर अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचाने के गुर बताएं जाएंगे जो काबिले तारीफ़ है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी केसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, केंद्रीय बजट 2023-24 की घोषणाओं को कार्यान्वयन करने तालमेल लाने हितधारकों को एक साथ लाने गज़ब का मास्टरस्ट्रोक बताया जा रहा है।

साथियों बात अगर हम 12 वेबीनारों की करें तो, ये वेबिनार केंद्रीय बजट 2023-24 में उल्लिखित ÷सप्तऋषि÷ प्राथमिकताओं के निर्माण के लिए विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं।अपने बजटीय भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट 2023 में %सप्तर्षि% सात प्राथमिकताओं की एक सूची देश के सामने रखी थी, इसमें समावेशी विकास, बुनियादी ढांचा और निवेश, अंतिम पंक्ति तक पहुंच, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा शक्ति और वित्तीय क्षेत्र प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। वेबिनार के कार्यक्रम इस प्रकार हैं-(1) हरित विकास 23 फरवरी (2) कृषि एवं सहकारिता 24 फरवरी (3) युवा शक्ति का सदुपयोग- कौशल एवं शिक्षा 25 फरवरी (4) अंतिम छोर तक पहुंच/कोई भी नागरिक पीछे न छूटे 27 फरवरी (5) क्षमता का सदुपयोग÷ प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए जीवन में सुगमता लाना 28 फरवरी (6) नियोजन पर केन्द्रित शहरी विकास 1 मार्च (7) मिशन मोड में पर्यटन का विकास 3 मार्च (8) अवसंरचना और निवेशःपीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर योजना के साथ लॉजिस्टिक क्षमता में सुधार 4 मार्च (9) स्वास्थ्य और चिकित्सा अनुसंधान 6 मार्च (10) वित्तीय क्षेत्र 7 मार्च (11) महिला सशक्तिकरण 10 मार्च (12) पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान (पीएम विकास)। इन वेबिनार में विभिन्न मंत्रियों एवं विभागों और सभी संबंधित हितधारकों द्वारा त्रैमासिक लक्ष्यों के साथ विभिन्न कार्य योजनाओं की तैयारी से जुड़े प्रयासों के तालमेल पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है ताकि कार्यान्वयन पारदर्शी और समय पर वांछित परिणामों की हासिल करने में सक्षम होने के साथ-साथ सुचारू हो सके। इन वेबिनार को व्यापक भागीदारीसुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। इनमें संबंधित केन्द्रीय मंत्री, सरकारी विभागों के प्रमुख हितधारक, नियामक, शिक्षाविद, व्यापार और उद्योग संघों के प्रतिनिधि आदि शामिल हो रहे हैं। इन वेबिनारों का आयोजन %सप्तऋषि% प्राथमिकताओं पर आधारित हो रहा है। पीएम ने बजट घोषणाओं के कार्यान्वयन में तालमेल लाने के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाने के लिए इन वेबिनार की परिकल्पना की है। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि हरित वृद्धि पर वेबिनार में छह सत्र होंगे, जिसमें हरित वृद्धि के ऊर्जा और गैर-ऊर्जा, दोनों घटकों को शामिल किया जाएगा। इसकी शुरुआत गुरुवार को हरित वृद्धि पर एक वेबिनार से हुई। मंत्रालय ने बयान में कहा, पीएम के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार ने पिछले कुछ सालों में कई बजटीय सुधार किए हैं। बजट की तिथि को 1 फरवरी के लिए आगे बढ़ा दिया गया था ताकि मॉनसून की शुरुआत से पहले मंत्रालयों और विभागों को धन के इस्तेमाल के लिए पर्याप्त समय मिल सके. बजट कार्यान्वयन में सुधार लाने की दिशा में एक और कदम पोस्ट बजट वेबिनार का नया विचार था। बजट के बाद होने वाले प्रत्येक वेबिनार में तीन सत्र होंगे। इसकी शुरुआत पूर्ण उद्घाटन सत्र से होगी, जिसे पीएम संबोधित करेंगे। इस सत्र के बाद विभिन्न विषयों पर अलग-अलग सत्र होंगे, जिन्हें समानांतर रूप से आयोजित किया जाएगा। अंत में, विभिन्न सत्रों की मुख्य बातों को समापन के पूर्ण सत्र के दौरान प्रस्तुत किया जायेगा। वेबिनार के दौरान प्राप्त इनपुट के आधार पर संबंधित मंत्रालय बजट घोषणाओं के कार्यान्वयन के लिए एक समयबद्ध कार्य योजना तैयार करेंगे। व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इन्हें वर्चुअल रूप में आयोजित किया जाएगा।

साथियों बात अगर हम दिनांक 23 फरवरी 2023 को हुए प्रथम वेबिनर की करें तो पीएम ने हरित विकास पर बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित किया। यह वेबिनार 12 बजट उपरांत वेबिनारों की श्रृंखला की पहली कड़ी थी।हरित विकास केंद्रीय बजट2023-24 की सातशीर्षप्राथमिकताओं में से एक है, ताकि देश में हरित औद्योगिक और आर्थिक बदलाव, पर्यावरण-अनुकूल कृषि व सतत ऊर्जा की शुरुआत हो सके। इनसे बड़ी संख्या में हरित रोजगार के अवसरों का भी सृजन होगा। केंद्रीय बजट में विभिन्न क्षेत्रों और मंत्रालयों के लिए कई परियोजनाओं और पहलों की परिकल्पना की गई है। हरित हाइड्रोजन मिशन, ऊर्जा के स्रोतों में बदलाव, ऊर्जा भंडारण परियोजनाएं, नवीकरणीय ऊर्जा निकासी, ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम, पीएम-प्रणाम, गोबर-धन योजना, भारतीय प्राकृतिक खेती जैव-इनपुट संसाधन केंद्र, मिष्टी, अमृत धारोहर, तटीय नौवहन और वाहन प्रतिस्थापन।पीएम ने हरित विकास पर बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित किया।अमृत काल के इस बजट ने हरित विकास की गति को तेज किया है।इस सरकार का हर बजट वर्तमान चुनौतियों का समाधान खोजने के साथ-साथ नए युग के सुधारों को आगे बढ़ता रहा है।हरित ऊर्जा को लेकर इस बजट में की गई घोषणाएं भावी पीढ़ी केउज्जवल भविष्य की।आधारशिला हैं और उसके लिए मार्ग प्रशस्त करती हैं।यह बजट वैश्विक हरित ऊर्जा बाजार में भारत को एक अगुआ के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।भारत में सौर, पवन और बायोगैस की क्षमता हमारे निजी क्षेत्र के लिए किसी सोने की खान या तेल क्षेत्र से कम नहीं है। भारत की वाहनों के स्क्रैप संबंधी नीति हरित विकास की रणनीति का एक अहम हिस्सा है।भारत में हरित ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करने की अपार क्षमता है। यह हरित रोजगार सृजित करने के अलावा वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ाएगा।यह बजट एक अवसर ही नहीं, बल्कि हमारे भविष्य की सुरक्षा की गारंटी भी है।

अतः अगर हम उपयोग पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि दूरदर्शी व्यापक सोच,मिशन 12 वेबीनार शुरू। केंद्रीय बजट 2023-24 के सप्तऋषि प्राथमिकताओं पर एक्शन शुरू। केंद्रीय बजट 2023-24 की घोषणाओं को क्रियान्वयन करने तालमेल लाने हितधारकों को एक साथ लाने गज़ब का मास्टर स्ट्रोक।



**किशन सनमुख़दास भावनानी**
गोंदिया
महाराष्ट्र

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# तीव्र ध्वनि में डीजे संचालन करने वाले 3 संचालकों पर पुलिस ने की कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

अभी शादी-विवाह का कार्यक्रम चल रह है। कार्यक्रमों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जा रहा है। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस ने शहर के तीन जगहों से तेज आवाज में डीज बजाए जाने पर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के आम नागरिकों को ध्वनि विस्तारक यंत्रों से हो रही असुविधा को लेकर आईजी व एसपी ने थाना व चौकी प्रभरियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में गुरुवार की रात कोतवाली पुलिस पेट्रोलिंग पर निकली थी। इस दौरान होटल सिद्धिविनायक, ग्रांड बसंत व चर्च रोड केदारपुर में व्यक्तिगत कार्यक्रम में डीजे संचालित कर ध्वनि प्रदूषण किया जा रहा था। जिससे आम नागरिकों व पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही थी। इस मामले में पुलिस ने डीजे संचालक अमित सिंह निवासी जरहागढ़, योगेश गुप्ता निवासी सत्तीपारा व सुशील केसरी संगम चौक को मौके से पकड़कर ध्वनि विस्तारक यंत्रों को जब्त किया गया है। पुलिस ने तीनों संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक रूपेश नारंग, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, सियाराम मरावी आरक्षक धीरज सिंह, कुन्दन सिंह, इदरीश खान एवं अन्य पुलिस स्टाप शामिल रहे।




## होटल व डीजे संचालकों की ली गई बैठक




- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आईजी राम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय अंबिकापुर में सरगुजा जिले के सभी डीजे संचालकों एवं होटल संचालकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के नेतृत्व में डीजे संचालकों को किसी भी आयोजन मे डीजे संचालन से पूर्व विधिवत अनुमति प्राप्त करने एवं तय समय सीमा के भीतर ही डीजे संचालन करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए साथ ही डीजे संचालक एवं होटल संचालको को साउंड सिस्टम की आवाज तय मानकों के अंतर्गत रखने एवं समय का विशेष ध्यान रखने हेतु स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए। आयोजन के दौरान तय समय सीमा रात्रि 10 बजे के बाद डीजे संचालन होने पर डीजे संचालक एवं होटल संचालक के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने हेतु हिदायत दी गई हैं, साथ ही होटल संचालको को व्यवस्था बनाये रखने मे सहयोग देने की अपील की गई। बैठक के दौरान नगर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अखिलेश कौशिक, थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक रुपेश नारंग एवं सरगुजा जिले के सभी होटल संचालक सहित डीजे संचालक उपस्थित रहे।

## 25 सौ रुपए बेरोजगारी भत्ता के लिए पूरे परिवार को बेरोजगार होना आवश्यक : वेदान्त

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं के भावनाओं के साथ प्रदेश सरकार खिलवाड़ कर रही है। उक्त बातें भाजयुमों के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वेदान्त तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारीकर कही है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ता के नाम पर छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं के भावनाओं के साथ जो खिलवाड़ राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है वाह अक्षम्य है। उन्होंने भत्ता प्रदान करने के मापदंड में तय नियमों का हवाला देते हुए कहा है कि यदि राज्य के शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रुपये भत्ता लेना है, तो उनके पूरे परिवार को बेरोजगार होना पड़ेगा। तभी उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिलेगा। भत्ता के लिए सरकार ने जो मापदंड बनाये हैं उसमें परिवार का कोई भी सदस्य शासकीय या निजी कम्पनी में कार्यरत न हो। ऐसा होने पर भत्ता नहीं मिलेगा। वहीं अन्य मापदंड यह भी है कि 5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि या समर्थन मूल्य पर 75 क्विंटल धान बेचने वाले परिवार के युवा भी बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्र नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र में छग के 10 लाख बेरोजगारों को प्रति माह 2500 रुपए बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने का उल्लेख किया था। पर तय मापदंड में किसी भी युवा को लाभ मिलता नहीं दिख रहा है। मापदंड में 2 साल पहले के रोजगार कार्यालय में पंजीयन अनिवार्य कहा गया है। कम से कम 12वीं पास सहित कई शर्तें हैं। इसका तात्पर्य यह है कि भत्ता के लिए उसके पूरे परिवार को बेरोजगार होना पड़ेग। वेदान्त तिवारी ने कहा कि विधानसभा बजट में मुख्यमंत्री के बरोजगारी भत्ता प्रदान करने की घोषणा के बाद ही पूरे प्रदेश के लाखों युवाओं ने रोजग़ार कार्यालय में पंजीयन कराया है। जिन्हें नये मापदंड में 2 साल पूर्व के पंजीयन के तहत भत्ता नहीं मिल पायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार भूल गयी है कि 8 माह बाद चुनाव है। छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवा इस तानाशाही रवैये का जवाब जरूर देगी।

## पीएम द्वारा मंजूर निर्माण कार्यो के भूमिपूजन में केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह की उपेक्षा से भाजपा नाराज

**» क्षेत्रीय विधायकों पर अवैध वसूली का आरोप**

- संवाददाता -
सूरजपुर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के नेतृत्व मे प्रतिनिधि मंडल ने जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त कार्यालय भवन कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच कर महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपते हुए प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कार्यों में क्षेत्रीय सांसद की अनदेखी कर स्थानीय विधायको द्वारा मनमानी तरीके किए जा रहे शिलान्यास व भूमिपूजन पर रोक लगाने की मांग की है।भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने नंदजी पांडेय से मुलाकात कर यह आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय के माध्यम से प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत सूरजपुर जिले के विभिन्न पंचायतों में विकास कार्य हेतु राशि की स्वीकृति दी गई है। जिसमे ग्राम पंचायतों में सीसी रोड निर्माण सहित अन्य विकास कार्य होने हैं। इस योजना से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वकांक्षी कार्यक्रम के तहत 60 प्रतिशत से अधिक आदिवासी आबादी वाले ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो की स्वीकृति दी जा रही है।किन्तु क्षेत्रीय विधायक सहित कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों द्वारा छतीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार के सह पर अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों पर अनैतिक दबाव बनाते हुए शिलान्यास व भूमि पूजन कर आम जनता को दिगभ्रमित किया जा रहा है।ज्ञापन मे बताया गया है कि सरगुजा संसदीय क्षेत्र की सांसद एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री के रूप में रेणुका सिंह की प्रतिनिधित्व कर रही हैं ऐसे केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं व विकास कार्यों के भूमिपूजन में उन्हे आमंत्रित किए बगैर भूमि पूजन समारोह संपन्न किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही साथ विधायकों के द्वारा अपने लोगों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से भी स्वीकृत कार्यों के स्थलों को अपनी सुविधानुसार अवैध वसूली करते हुए स्थल परिवर्तित भी किया जा रहा है जो किसी भी रूप में उचित नहीं है। अतः उपरोक्त विषय को ध्यान में रखते हुए स्वीकृत कार्यों का भूमि पूजन केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह के माध्यम से कराया जावे। यदि भविष्य में यही स्थिति रही तो भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भूमि पूजन स्थल पर भी विरोध प्रकट किया जाएगा। इस दौरान कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी ।इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री मुरली मनोहर सोनी, जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू, जिला उपाध्यक्ष भूलन सिंह मरावी, जिला मंत्री संदीप अग्रवाल, शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल अज्जू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी राजवाड़े, महेश्वर पैकरा, गीता जायसवाल, सत्यनारायण जायसवाल, संस्कार अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## नाबालिग बालिका का अपहरण कर बलात्कार के मामले में दोषी को 20 वर्ष की सश्रम कारावास

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

नाबालिग बालिका को अपहरण कर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय आरोपी के खिलाफ 20 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाया है। घटना वर्ष 2019 की है। जानकारी के अनुसार आरोपी राजू देवांगन उर्फ राहुल पिता देवनारायण देवांगन उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम उमापुर पंडरीपानी थाना रामानुजनगर का रहने वाला है। वह 10 नवंबर 2019 को एक नाबालिग बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता के पिता ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता को आरोपी के कब्जे से बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार किया था। पुलिस ने पीड़िता का बयान न्यायीक मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया गया था। पीड़िता ने आरोपी पर भगाकर ले जाने व शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म करने की बात बयान में कही थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366, 376 (2) (ढ़) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल कर दिया था। इसके बाद मामले की सुनवाई न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक स्पेशन कोर्ट में चल रहा था। माले की सुनवाई करते हुए पीठासीन अधिकारी पूजा जायसवाल ने आरोपी राजू देवांगन उर्फ राहुल के खिलाफ दोष सिद्ध पाते हुए 20 वर्ष की सश्रम कारावास व 3 हजार रुपए की अर्थदंड से दंडित करते हुए सजना सुनाई है। वहीं पीड़िता को चार लाख रुपए प्रतिकार दिलाए जाने की बात कही गई है।

## घर से लगे धान की फसल में परिवार कर रहा था सिंचाई इधर चोरों ने घर से उड़ा लिए डेढ़ लाख से ज्यादा के जेवर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोतवाली क्षेत्र से दिनदहाड़े एक घर से चोरी की घटना सामने आई है। परिवार वाले घर बंद कर कुछ दूरी पर खेत में काम कर रहे थे। एक घंटे बाद जब वापस आए तो घर में रखे लगभग डेढ़ लाख से ज्यादा के जेवर व नकदी की चोरी कर ली गई थी। पीड़ित ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। जानकारी के अनुसार श्रीगढ़ निवासी राजू रमन सिंह अपने घर के बगल में ही खेत में गेहूं की फसल लगाए हैं। 23 फरवरी की शाम 4 से 5 बजे के बीच परिवार के सभी लोग गेहूं की फसल में सिंचाई करवा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर उनके घर में प्रवेश किया। अज्ञात चोर द्वारा घर पर सोने चांदी के जेवरात एवं मोबाइल की चोरी कर ली है। चोर ने 2 जोड़ी सोने के कान का, 3 जोड़ी चांदी का पायल, 3 नग चांदी का चैन, एक नाक सोने का लॉकेट, 50 ग्राम चांदी का टूटा हुआ सामान, एक मोबाइल, 4 जोड़ी चांदी का बिछिया सहित नकद 15 हजार की चोरी की है। राजू रमन सिंह ने इसकी शिकायत कोतवाली में दी है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## उठाईगिरी मामले को सुलझाने पर ज्वेलरी दुकान संचालकों ने एसपी का किया सम्मान

सूरजपुर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।



जिले के रामानुजनगर व प्रेमनगर थाना क्षेत्र स्थित 2 ज्वेलरी दुकान से हुए उठाईगिरी के प्रकरण में पुलिस के द्वारा तत्परतापूर्वक पतासाजी करते हुए मामले का खुलासा कर एक अंतर्राज्जीय चोर को पकड़ते हुए एक लाख 25 हजार रूपये के सोने के जेवरात बरामद कर मामले को सुलझाने पर सोनार उत्थान समाज व ज्वेलरी दुकान संचालकों ने आज सूरजपुर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू का सम्मान करते हुए पुलिस की कार्यवाही पर खुशी जाहिर किया है और आशा किया कि पुलिस इसी तरह अपने जिम्मेदारियों को बखुबी निभाते रहेगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि घटना को रोकने की दिशा में जिले की पुलिस लगातार कार्य कर रही है, यदि कहीं घटना घटित होता है तो तत्परता से कार्यवाही करने पर एक ओर जहां अपराधी हतोउत्साहित होता है वही दूसरी ओर आम जनता एवं व्यापारियों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ता है एवं तत्परता से कार्यवाही होने पर जनता अपने आपको सुरक्षित महसूस करती है। इस मौके पर अध्यक्ष सोनार उत्थान समाज प्रेमनगर संतोष सोनी, ज्वेलरी दुकान संचालक बृजमोहन सोनी, चन्द्रदेव सोनी, राजेन्द्र सोनी, राकेश सोनी, प्रकाश सोनी, संजय सोनी व विमलेश सोनी मौजूद रहे।

## जनरल स्टोर में चोरी करने के बाद पकड़े जाने की डर से चोरों ने सीसीटीवी सहित डीबीआर भी ले गए साथ

**» 34 हजार नकदी सहित कई कीमती सामान पार**

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

22 फरवरी की रात को जनरल स्टोर में घुसकर 34 हजार नकदी सहित कई कीमती सामान पार कर दिए हैं। वहीं चोरों ने पकड़े जाने की डर से दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा सहित डीपीआर भी पार कर दिया है। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट लखनपुर थाने में दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार अजय राय ग्राम सिरकोंतगा थाना लखनपुर का रहने वाला है। वह अपने घर में ही जनरल स्टोर चलाता है। 22 फरवरी की रात को दुकान बंद कर पूरे परिवार सो रहे थे। इस दौरान अज्ञात चोर द्वारा घर के पीछे से छत पर चढ़कर सिढ़ी से दुकान में घुसकर काउंटर में रखे 34 हजार रुपए नकदी सहित कीई कीमती जुत्ता-चप्पल, सौंदर्य प्रसाधन के सामान, किराना सामान पार कर दिया है। इस दौरान चोरों ने पकड़े जाने की डर से दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा सहित डीबीआर को भी अपने साथ ले गए हैं। परिजन को चोरी की घटना की जानकारी सुबह लगी। दुकान संचालक अजय राय ने मामले की रिपोर्ट लखनपुर थाने में दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्जकर मामले की जांच कर रही है।

## स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

- संवाददाता -
सूरजपुर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

बंशीपुर का गौठान में महिला स्व सहायता समूह का एक दिवसीय प्रशिक्षण कृषि विभाग महिला बाल विकास शासन संपन्न हुआ। जिनका उद्घाटन दीपक जलाकर सरस्वती माता के छाया चित्र पर सुंदरम जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री शिव भजन सिंह मरावी ने किया। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि हमारे योजना केचमेंट डेवलपमेंट हर जगह बनाना है। जहां-जहां पानी का बहाव तेजी से बहता है वहां पानी को रोक देना है ताकि धीरे-धीरे पढ़ें और जो गौठान में महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित किया जा रहा है वहां किस तरीके से अपने को उत्पादन और कर सके और हमारे महिला स्व सहायता समूह अधिक से अधिक जोड़ें। संबोधित करते हुए आदिवासी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शिव भजन सिंह मरावी व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि आप जो भी काम कर रहे हैं बहुत अच्छा काम है शासन योजना छत्तीसगढ़ महिलाओं के लिए रोजगार मिला है आने वाले पीढ़ी के लिए हमें बहुत अच्छा से सक्सेसफुल यह योजना साबित होगा। आप लोग देख सकते हैं कि आप इससे पहले कोई काम नहीं कर रहे थे लेकिन जब से कांग्रेस का सरकार बना है तब से हर गांव में उठाना है उठान में कम से कम 100 ,200 व्यक्ति का रोजगार मिला है।जमीन धीरे-धीरे करके कम होते जा रहा है जंगल कट रहा है ऑक्सीजन नहीं मिल रहा है और परिवार बढ़ रहा है जमीन घट रहा । इस दौरान बंसीपुर के कई पेंशन 4 महीना से नहीं मिल रहा है उनका जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी से की शिकायत उच्च अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल दिलाने के बाद कहीं कथा निर्माण कार्य के लिए भी उन्होंने मांग की है और महिला स्व सहायता समूह 10 महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने उपस्थित हुए थे। शासन का योजना का लाभ उठाएंगे। इस दौरान आदिवासी प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री संयोजन सिंह मरावी आईटी सेल विधानसभा अध्यक्ष हरि कुशवाहा शैलेश आईटी सेल के सचिव सरपंच पंच कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा समस्त स्व सहायता समूह के अध्यक्ष उपाध्यक्ष राम भाई ननकीराम रसिया राम सिंह हीरालाल रामरति शोभित भाग मनिया तथा समस्त ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।



## प्रसिद्ध चित्रकार श्रवण शर्मा ने एसपी से की मुलाकात



- संवाददाता -
सूरजपुर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा के प्रसिद्ध चित्रकार श्रवण शर्मा ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू से मुलाकात कर अपने चित्रकारी के कार्यो का दिखाया तथा प्रधानमंत्री से मुलाकात के अनुभव को साझा किए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने चित्रकारी कला साधना की सराहना करते हुए कहा कि आप प्रदेश के गौरव है, विभिन्न प्रतिष्ठित स्थानों पर आपकी शानदार चित्रकारी का होना लोगों के लिए प्रेरणा और आकर्षण का केन्द्र है। आपने एक से बढ़कर एक आकर्षक व सुन्दर पेटिंग तथा थीडी पेटिंग बनाकर अपने हुनर का परिचय दिया है। इस दौरान डीपीओ चंद्रवेश सिसोदिया सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पंडो बस्ती धनेशपुर पंडरी में रेड क्रॉस टीम द्वारा लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

- संवाददाता -
सूरजपुर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर एस सिंह के मार्गदर्शन में ब्लॉक रामानुजनगर के अंतर्गत ग्राम धनेशपुर पंडरी के पंडो जनजाति लोगों के जन हितार्थ ग्राम पंचायत एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा सूरजपुर एवं राज्यपाल द्वारा प्रदत्त वाहन तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवनगर एवं सेक्टर की टीम के द्वारा वृहद पण्डो स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गयास्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आर.एस सिंह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरजपुर द्वारा किया गया उन्होंने लोगों को दीर्घ जीवन हेतु जीवनचर्या का पालन हेतु जागरूक किया कि हम कैसे स्वस्थ रहें। गर्भावस्था जन्म परेशानियों एवं बच्चों के टीकाकरण तथा मौसमी बीमारी से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी आम जनमानस को प्रदान की तथा अपने हाथों से रेडक्रॉस द्वारा प्रदत सैनिटाइजिंग हाइजीन किट का वितरण किया। सरपंच मंगली पंडो तथा उप सरपंच शिव प्रसाद राजवाड़े द्वारा लोगों को स्वास्थ्य विभाग के समस्त जानकारी को अच्छा सा पालन करने के लिए प्रेरित किया ।आयुर्वेद का सियान जतन शिविर भी साथ में आयोजित किया गया जिसमें 12 वयोवृद्ध पंडो लोगों का आयुर्वेदिक उपचार डॉ. मिथिलेश कुमार विश्वकर्मा के द्वारा प्रदान किया गया तथा राहत शिविर के बारे में जानकारी तथा उपयोगिता की चर्चा की। श्महेंद्र यादव द्वारा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी तथा हाथ धोने के तरीके को भी सिखाया गया। 18 परिवार के कुल लगभग 50 लोगों के समुदाय हेतु जांच शिविर में 46 लोगों का हीमोग्लोबिन शुगर ब्लड प्रेशर आदि परीक्षण किया गया राहुल के द्वारा शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड 26 लोगों का बनाया गया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला संगठक संदीप गुप्ता रेड क्रॉस संबंधित जानकारी दी। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग से लक्षणधारी सिंह लेखा प्रभारी प्रॉमिस टोप्पो लैब टेक्नीशियन चांदनी कुशवाहा आरजू नीलिमा एएनएम अभिषेक जायसवाल संजय साहू आर एच ओ, योगेंद्र साहू एवं वसीम खान उपस्थित थे पंचायत विभाग से सरपंच मंगली पंडो उपसरपंच शिव प्रसाद राजवाड़े तथा भूतपूर्व सरपंच बबन राम तथा अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में यह शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प गरीबों हेतु आवास योजना की बाधक बनी छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकारः भाजपा


बैकुंठपुर नगरपालिका आम सभा में उपस्थित भाजपाई


विधायक कार्यालय करने के लिए पुलिस बैरिकेड तोड़ते भाजपाई


मोर आवास मोर अधिकार के तहत रैली निकालकर विधायक कार्यालय घेरने जाते भाजपाई



केल्हारी आमसभा के मंच पर उपस्थित भाजपाई

- » एमसीबी व कोरिया के भाजपाइयों ने दिखाया दम,मोर आवास,मोर अधिकार आंदोलन के तहत विधायक व एसडीएम कार्यालय का किया घेराव
- » चुनावी वर्ष में कोरिया में दिखा दूसरा बड़ा आंदोलन
- » चुनावी वर्ष में विपक्ष नींद से जाग कर वर्तमान सरकार को उनकी कमियों पर घेरने का कर रहा प्रयास
- » मोर आवास, मोर अधिकार आंदोलन के तहत आमसभा और विधायक कार्यालय घेराव हुआ संपन्न
- » भाजपा कार्यकर्ताओं मोर आवास मोर अधिकार के तहत केल्हारी एसडीएम कार्यालय का घेराव किया
- » भाजपाइयो ने घेराव के दौरान पुलिस के प्रथम बेरिकेड्स तोड़कर अंदर प्रवेश किया लेकिन दूसरे वेरिकेट्स के अंदर जाने से पुलिस ने रोक दिया

**- रवि सिंह -**
**बैकुण्ठपुर/मनेन्द्रगढ़ 24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।**

विपक्षी दल पूरे 4 साल सक्रियता से दूर होकर अपनी ही निष्क्रियता दिखा रहा था अचानक अब चुनावी वर्ष में धीरे-धीरे विपक्षी दल भाजपा सक्रिय दिखने लगी है आंदोलन रुख अपना ली है यही वजह है कि अब लगातार आंदोलन करते हुए वर्तमान सरकार को घेरने का प्रयास शुरू हो गया है पर कितना वर्तमान सरकार को घेर पाएंगे यह तो 8 महीने बाद होने वाले चुनाव में पता चलेगा, फिलहाल भाजपा मोर आवास मोर अधिकार को बड़ा मुद्दा बनाकर लोगों के बीच सहानुभूति बटोरने की प्रयास कर रही है और बता रही है कि हम आपको आवास दे रहे हैं पर वर्तमान सरकार आप तक हमारा आवास पहुंचने नहीं दे रही लोगों के मन व दिमाग में वर्तमान सरकार की कमियों को डालने का प्रयास हो रहा है ताकि 2023 में वापसी कर सकें इसी कड़ी में नवीन जिला एमसीबी व कोरिया जिला में भाजपाइयों ने अपना दमखम दिखाते हुए आंदोलन को बड़ा रूप दिया और वृहद करने का प्रयास किया।

भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर और भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसावाल जी मार्गदर्शन में 24 फरवरी 2023 को मोर आवास मोर अधिकार के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प आधार पर देश प्रदेश के गरीबों को मुफ्त आवास उपलब्ध कराने की योजना पर छत्तीसगढ़ प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने जिस तरह पलीता लगाने का कृत्य किया है। उसी को लेकर कोरिया जिला मुख्यालय में आमजन के बीच आमसभा का आयोजन नगरपालिका कॉम्प्लेक्स प्रांगण बैकुण्ठपुर में आयोजित किया गया था। साथ ही प्रदेश की भूपेश सरकार ने जो आवास योजना पर छत्तीसगढ़ की गरीब जनता से छ्लावा किया गरीबों को मिलने वाले आवास में अपना राज्यांस न देकर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जन हितकारी मूलभूत योजना मुफ्त आवास से छत्तीसगढ़ के 16 लाख गरीब परिवारों को आवास योजना से वंचित करने का घोर कृत्य किया है। उसके विरोध में भाजपा कोरिया द्वारा कांग्रेस सरकार की स्थानीय विधायक अंबिका सिंहदेव के कार्यालय का घेराव किया गया है।


केल्हारी आमसभा में उपस्थित भाजपाई व आमजन

कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने किया। जिसमें उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे , लक्ष्मण राजवाड़े , देवेन्द्र तिवारी कमलेश यादव , राजेश सिंह , अनिता तिवारी , जिला महामंत्री विनोद साहू जिला मंत्री रामकृष्ण शर्मा ,बसंत राय , सुनीता कुर्रे सौभाग्यवती सिंह , जिला कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल , जिला कार्यालय प्रभारी भानूपाल , जिला कार्यालय सहप्रभारी लव कुमार रवि , पूर्व संसदीय सचिव चम्पादेवी पावले , जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े , चुन्नी पैकरा , नगर पालिका अध्यक्ष बैकुण्ठपुर नविता शिवहरे, भाजयुमो जिला महामंत्री शारदा गुप्ता, सतेन्द्र राजवाड़े, तीरथ राजवाड़े, रोशन राजवाड़े, मनोज सोनवानी, प्रखर गुप्ता, हर्षल गुप्ता, सुदीप सोनी, बैकुण्ठपुर पार्षद अनिल खटिक , ममता पनिका , अवधेश नारायण जी, शिल्पा गुप्ता जी, रीमा जायसवाल , शिवपुर चरचा के पार्षद संजय कुमार , कुंडल साय जी, मंडल अध्यक्ष कुबेर साहू, प्यारे साहू, गोपाल राजवाडे , धीरेन्द्र साहू, कपिल जायसवाल, ईश्वर राजवाड़े, मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मवती राजवाउड़े , अनिल कुमार साहू , अरशद खान , नरेश्वर रजक, प्रमोद पासवान जी एवं सभी वरिष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं मोर आवास मोर अधिकार के तहत केल्हारी एसडीएम कार्यालय का घेराव किया

भाजपा कार्यकर्ताओं मोर आवास मोर अधिकार के तहत भारतपुर सोनहत विधानसभा के केल्हारी में एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। मोर आवास मोर अधिकार योजना से वंचित हितग्राहियो के लिए भाजपाइयो ने घेराव कर जमकर नारेबाजी की, इस दौरान राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय, पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े, सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुये, भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस के प्रथम बेरिकेड्स तोड़कर अंदर प्रवेश किया लेकिन दूसरे वेरिकेट्स के अंदर जाने से पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं से पुलिस की झूमाझटकी भी हुई, केल्हारी की जनसभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार में मदारियों का मजमा लगा हुआ है.यहाँ प्रशासन भी नाचता है एस डी एम नाचते हैं विधायक भी नाचता है कोई सड़क में नाचता है कोई भागवत में नाचता है सब नाचने का काम कर रहे तो जनता का काम कब करोगे, प्रशासन जनता का काम करने के लिए होता है और इसीलिए सरकार को जगाने के लिए आज का प्रदर्शन किया जा रहा है, आज हम एसडीएम कार्यालय का घेराव करेंगे. छत्तीसगढ़ सरकार को केंद्र सरकार के मुखिया ने गरीबों के आवास बनाने के लिए पैसा भेजा जिससे गरीबों के सिर पर छत हो जाए लेकिन छत्तीसगढ़ में पर्याप्त राशि आने के बाद भी इन 4 सालों में छत्तीसगढ़ की सरकार ने गरीबों के मकान बनाने में कोई रुचि नहीं दिखाई नतीजा यह हुआ कि आज भी हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश के लाखों मजदूर गरीब बिना छत के निवास कर रहे हैं. इस मौके पर उद्धेश्वरी पैकरा, रामचरित द्विवेदी,दुर्गा शंकर मिश्रा, जमुना पाण्डेय, जिलाध्यक्ष जिला पंचायत रेणुका सिंह, रितेश गुप्ता, रामलखन सिंह, वीरेंद्र सिंह राणा, समेत पार्टी कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए एक जुट हो

मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा जी ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में एक जुट होकर स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने बूथ ईकाइ की समीक्षा कर कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने का काम करने एवं इस भ्रष्टाचारी भूपेश सरकार को उखाड़ फेकने हेतु कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

### 16 लाख परिवारों को छत नहीं दे सकी भूपेश सरकार

भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने आमसभा को संबोधित करते हुए बताया की कांग्रेस सरकार ने अपने जन घोषणा पत्र में शहरी और ग्रामीण आवास का अधिकार आमजन को देने का वादा किया था। परंतु सरकार के चार साल के कार्यकाल गुजर जाने के बाद भी। 16 लाख परिवारों को छत नहीं दे सकी भूपेश सरकार जायसवाल जी ने आमजनों को बताया की बड़े ही दुर्भाग्य का विषय है की छत्तीसगढ़ प्रदेश की भूपेश सरकार नगरीय निकायों अंतर्गत बनने वाले मोर मकान, मोर आस,के हितग्राहियों से 3.25 लाख प्रति परिवार वसूल रही है जबकि सिर्फ 75 हजार ही लिया जाना है।उन्होंने कहा की भूपेश सरकार की भ्रष्ट सरकार के खिलाफ उनके ही कद्दावर मंत्री टी एस सिंहदेव ने पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग से छोड़ दिया था।प्रदेश की भूपेश सरकार और कांग्रेस दोनों ही भ्रष्टाचार की अमिट गाथा लिख चुकी है जिसके खिलाफ हम सभी को एकजुट होकर हक की लड़ाई लड़नी है।

### दमनकारी निति अपनाकर गरीबों के साथ छल तो किया साथ ही कांग्रेस सरकार ने कुशासन का भी परिचय दिया

पूर्व केबिनेट मंत्री भईयालाल राजवाड़े ने आपसभा को सम्बोधित करते हुए आमसभा में उपस्थित जनों को राज्य की भूपेश सरकार द्वारा आवास योजना के हितग्राहियों के साथ दमनकारी निति अपनाकर गरीबों के साथ छल तो किया ही है साथ ही कांग्रेस सरकार की कुशासन का भी परिचय दिया है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में संचालित कई योजनाओं को सीधा ताला लगाने का कृत्य किया गया है। जिसका सरोकार सीधे तौर पर जमीनि स्तर पर आमजन के लिए क्रियान्वित थी। प्रदेश की भूपेश सरकार गोबर से विकास और उन्नति दिखाने का प्रयास कर रही है। उस सरकार के खिलाफ एक जुट होकर लड़ाई लड़ने की तैयारी दुरुस्त और मजबूत करना है।

## वार्ड नं 4 की पार्षद ने कलेक्टर को सौंपा प्राथमिक शाला का उन्यन्न कर माध्यमिक विद्यालय किए जाने की रखी मांग

**- संवाददाता -**
**मनेन्द्रगढ़ 24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।**

नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ वार्ड नंबर 4 की पार्षद श्रीमती जफरून निशा शाह ने कलेक्टर को शास. आ. जा.क. प्राथमिक शाला वार्ड नं. 10 (नया 04) का उन्यन्न कर माध्यमिक विद्यालय किए जाने की मांग की है।

उन्होंने अपने पत्र मे उल्लेखित किया है कि मनेन्द्रगढ़ शहर के वार्ड नं. 04, 05 एवं 06 के गरीब विद्यार्थी उपरोक्त शाला मे विद्याध्ययन कर रहे हैं एवं आसपास के वार्डो में कोई भी माध्यमिक विद्यालय नहीं है। जिससे वहां के बच्चों को अन्यत्र विद्यालयों में जो कि वहां से दूर पर स्थित है,जाकर आगे माध्यमिक शिक्षा हेतु अध्ययन करना पड़ता है। उक्त प्राथमिक विद्यालय में पर्याप्त कमरा एवं खेल का मैदान मौजूद है। यहाँ प्राथमिक के साथ-साथ माध्यमिक विद्यालय का संचालन भी हो सकता है, इसके लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण की आवश्यकता भी नहीं होगी। समय-समय पर स्थानीय अभिभावकों द्वारा इस विद्यालय के उन्नयन हेतु मांग की जाती रही है एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आवश्वासन भी दिया जाता रहा है तथा पूर्व मे लिखित में भी शाला उन्नयन की मांग शासन को दी गई है। उन्होने कलेक्टर से अपील की है कि जनहित में शास.आ.जा.क. प्राथमिक शाला वार्ड नं. 10 (नया 04) मनेन्द्रगढ़ का माध्यमिक विद्यालय में उन्नयन किया जाए।



## रामचरितमानस गायन वादन प्रतियोगता का उद्गम पटना सेःमदन अग्रवाल

- » रामचरितमानस गायन वादन सम्मेलन प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम पटना से हुआ था 53 वर्ष पूर्व

**- संवाददाता -**
**बैकुण्ठपुर 24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।**

रामचरितमानस गायन वादन सम्मेलन प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम पटना से हुआ विगत 53 वर्षों से चैत्र पूर्णिमा श्री हनुमान जन्मोत्सव से ध्वज ले जाने वाले गांवों में अनवरत होता आ रहा है। चैत्र पूर्णिमा हनुमान जन्मोत्सव रामचरितमानस गा.वा.सम्मेलन केन्द्रीय समिति पटना के संरक्षक मदन गोपाल अग्रवाल ने कहा की यह कार्यक्रम रुपी पौधा आज विशाल वट वृक्ष हो गया है जो कि उस समय से साक्षरता, नैतिकता, आपसी प्रेम भाईचारा का मिशाल है। इसके संस्थापक आदरणीय पंडित श्री रामपंकज शर्मा जी एवं आदरणीय स्व श्री लक्ष्मीनारायण अग्रवाल जी ने अपने प्रयासों से इस क्षेत्र (संयुक्त सरगुजा जिला) में नव ऊर्जा का संचार किया लोगों में अलख जगाया, स्व.बड़े भईयाजी ने श्री राजेन्द्र सोनी जी को इस कार्य की बागडोर सौंपी श्री सोनी जी के इनकार करने पर, समझाईस देते हुए मंडली को छोड़ क्षेत्र की मंडलीयों की सेवा का कार्य दिया मैं प्रत्यक्षदर्शी हूं तब से अब तक प्रत्येक वार्षिक उत्सव में सहयोग हेतु तत्पर रहता हूं। छ.ग.शासन ने गत वर्ष श्री रामचरितमानस प्रतियोगिता के माध्यम से लोक कला, संगीत, गायन वादन को बढ़ावा देने का अच्छा पहल किया जन मानस में हर्ष रहा, किन्तु जनवरी 2023 में शासन द्वारा कराए गए जिला स्तरीय रामचरितमानस प्रतियोगिता में प्रगति मानस मंडली रनई द्वारा निर्णायकों के निर्णय पश्चात आरोप मंडित कर प्रशासन तंत्र द्वारा निर्णायक के निर्णय को विलोपित कर कूट रचना करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त मंडली को धता बताते हुए रनई मंडली को प्रथम स्थान पर लाना निंदनीय है। शंकाओं से घिरा निर्णय से मानस मंडलीयो में व्याप्त रोष स्वाभाविक है। मानस की पवित्रता, पुण्यता का ध्यान अवश्य रक्खा जाना चाहिए।



## डिप्टी कलेक्टर उइके को अम्बिकापुर एवं उदयपुर अनुभाग का मिला प्रभार

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अम्बिकापुर व उदयपुर का प्रभार डिप्टी कलेक्टर डीएस उइके को 24 से 28 फरवरी 2023 तक के लिए सौंपा है। यह प्रभार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवानी जायसवाल के उक्त तिथि तक अवकाश पर रहने के फलस्वरूप सौंपा गया है।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर लगा प्रतिबंध

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर ,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।**

हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं महाविद्यालयीन परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर कुंदन कुमार के द्वारा परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि से समाप्ति तक की अवधि में जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरणों के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेशानुसार विशेष परिस्थितियों में यदि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जाना हो, तो संबंधित अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारियों से पूर्वानुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ऐसी अनुमति प्राप्त होने पर भी ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

## सभी रीपा में भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के सहयोग से स्थापित होंगे ग्रामीण तकनीकी केन्द्र



- » नवीन उद्यम तकनीक से लैस होंगे रीपा केन्द्रों में काम करने वाले ग्रामीण उद्यमी

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर ,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ राज्य के गौठानों में स्थापित ग्रामीण औद्योगिक केन्द्रों में काम करने वाले ग्रामीण युवा उद्यमियों के सपनों को एक नया आयाम मिलने वाला है। ग्रामीण औद्योगिक केन्द्रों यानि रीपा में अब भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर (बार्क) मुम्बई के सहयोग से छत्तीसगढ़ के सभी रीपा सेंटरों में ग्रामीण तकनीक का प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण देने के लिए ग्रामीण तकनीकी केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इन केन्द्रों में 72 से ज्यादा ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर आधारित उद्यम तकनीक का प्रशिक्षण युवाओं को दिया जाएगा। बार्क द्वारा यहां मास्टर ट्रेनर भी तैयार किए जाएंगे। बार्क के अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और रीपा में ग्रामीण तकनीकी केन्द्रों की स्थापना में सहयोग दिए जाने की सहमति दी।

राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में हुई योजना आयोग की बैठक में रीपा में ग्रामीण तकनीकी केन्द्रों की स्थापना तथा गोबर से विद्युत उत्पादन की आधुनिकतम तकनीक व इकाईयों के विस्तार को लेकर चर्चा हुई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में मुख्य ग्रामीण तकनीकी केन्द्र स्थापित किया जाएगा। बैठक में बार्क के अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण तकनीकी केंद्र में युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जुड़ने का प्रोत्साहन दिया जाएगा। इन केन्द्रों में फल-सब्जी और वनोपजों से विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री बनाने की विधि एवं अन्य विधाओं के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार की संयुक्त सचिव श्रीमती सुषमा ताईषेते ने राज्य में गोबर से विद्युत उत्पादन और खाद्य विकिरण तकनीक के संबंध में राज्य की दूरदृष्टि और राज्य की पहल की सराहना की। उन्होंने राज्य में स्थापित सभी ग्रामीण औद्योगिक पार्क में ग्रामीण तकनीकी केन्द्र स्थापना में सहयोग का आश्वासन दिया। बार्क के वैज्ञानिकों डॉ. एस.गौतम, डॉ. एस.टी. मेहेत्रे ने खाद्य पदार्थो के लम्बे समय तक सुरक्षित रखने के संबंध में आधुनिक विकरण तकनीक की जानकारी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने राज्य में गोबर से बिजली उत्पादन के विषय में बताया कि छत्तीसगढ, देश में सबसे बड़ा वर्मी कम्पोस्ट उत्पादक राज्य है। उन्होंने राज्य में खाद्य विकिरण तकनीक की संभावनाओं और इससे आजीविका सृजन के बारे में जानकारी दी। शर्मा ने राज्य में महुआ, इमली, टमाटर आदि व लघु वनोपजों तथा अन्य उत्पादों को सुरक्षित रखने एवं उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए बार्क से तकनीक सहयोग की अपेक्षा की।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश चंदेल, छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल डेवलपमेंट आथोरिटी के सीईओ श्री सुमित सरकार ने अपने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य में जैवऊर्जा उत्पादन व खाद्य विकिरण के संबंध में किए जा रहे कार्यों के विषय में अवगत कराया। ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद ने इस संबंध में स्वच्छ भारत मिशन की गोवर्धन योजना के लाभ लेने की जरुरत बताई।

बैठक में परमाणु ऊर्जा विभाग भारत सरकार की संयुक्त सचिव श्रीमती सुशमा ताईषेते, भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के वैज्ञानिक डॉ. एस. गौतम, डॉ. एस.टी. मेहेत्रे. राज्य योजना आयोग के सदस्य सचिव अनूप कुमार श्रीवास्तव, ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश चंदेल, छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल डेवलपमेंट आथोरिटी के सीईओ श्री सुमित सरकार सहित ग्रामीण औद्योगिक पार्क के नोडल श्री गौरव सिंह, वन विभाग के सचिव श्री प्रेम कुमार, लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक श्री आनंद बाबू एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जिला प्रशासन ने प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले 05 मृतकों के परिजनों के लिए स्वीकृत की 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि




**- संवाददाता -**
**कोरबा,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।**

कलेक्टर संजीव झा की पहल पर जिला प्रशासन ने प्राकृतिक आपदा में जान गवाने वाले 05 मृतकों के परिजनों के लिए चार-चार लाख रुपए की क्षतिपूर्ति सहायता राशि स्वीकृत की है। क्षतिपूर्ति की राशि पीड़ित परिवार के वारिस-मुखियों के बैंक खाते में ट्रांसफर की जा रही है। सहायता राशि मिलने से परिजनों को दुख की घडी में आर्थिक राहत मिलेगी। आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधान के तहत प्रदान की गई है। हरदीबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम नुनेरा निवासी इंद्रपाल सिंह की आग में जलने के कारण मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतक की पत्नी राम कुंवर को 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की स्वीकृति दी गई है। कोरबा तहसील अंतर्गत ग्राम मदनपुर निवासी श्रीमती बिंदो बाई की आग में जलने के कारण मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतिका के पति उजितराम को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की स्वीकृति दी गई है। कोरबा के अजगरबहार तहसील अंतर्गत ग्राम कुटुरूवा निवासी कुमारी अनामिका बरवा की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतिका के पिता अमित बरवा को चार लाख रूपए आर्थिक सहायता देने की स्वीकृति दी गई है। कोरबा के अजगरबहार तहसील अंतर्गत ही ग्राम अरसेना निवासी फागुराम मंझवार की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतक की पत्नी बुधनी बाई मंझवार को 04 लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने की स्वीकृति दी गई है। तहसील कोरबा अंतर्गत ग्राम गोढ़ी अंतर्गत श्री अगरसाय की कुंए के पानी में डुबने से मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतक की पत्नी तीजकुंवर को 04 लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने की स्वीकृति दी गई है। अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले ने बताया कि मृतकों के परिजनों को सहायता राशि स्वीकृत कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की गयी है। मृतकों के मृत्यु के संबंध में संबंधित तहसीलदारों द्वारा पटवारी प्रतिवेदन, पंचनामा, शव परीक्षण, नजरी नक्शा, अकाल एवं आकस्मिक मृत्यु सूचना पंजी एवं संबंधित थाना का मर्ग प्रतिवेदन एवं शपथ पूर्वक बयान प्रस्तुत किया गया। साथ ही प्राकृतिक आपदा में जनहानि होने पर चार लाख रुपए की दर से सहायता राशि स्वीकृत करने की अनुशंसा की गयी। संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों के प्रतिवेदन पश्चात राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतकों के परिजनों को क्षतिपूर्ति के रूप में 05 प्रकरणों में कुल 20 लाख रुपए की सहयोग राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

# कांग्रेसी नेता की धमकी से स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ फार्मासिस्ट के पिता ने बंद की अपनी दवाई दुकान

» कांग्रेसी नेता ने दी थी जान से मारने की धमकी,कांग्रेसी नेता मुफ्त में चाहता था नेमबुलाइर

» फार्मासिस्ट के पिता ने कहा मेरे सहित मेरे परिवार को कुछ भी होने पर कांग्रेसी नेता होगा जिम्मेदार

» कांग्रेस नेता को संरक्षण देने का भी फार्मासिस्ट पिता ने लगाया आरोप,कांग्रेस के बड़े नेताओं की तरफ किया इशारा


» कांग्रेस के उक्त मारपीट एवम धमकी देने वाले नेता को किसका मिल रहा संरक्षण उठ रहा सवाल

» सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने सहित कई धाराओं में कांग्रेस नेता पर दर्ज हुआ अपराध

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले से कांग्रेसी नेता की दादागिरी की खबर सामने आ रही है जहां निजी उपयोग के लिए स्वास्थ्य विभाग के भंडार शाखा में पदस्थ फार्मासिस्ट द्वारा यंत्र नहीं दिए जाने से क्षुब्ध होकर कांग्रेसी नेता ने कार्यालय में ही फार्मासिस्ट के साथ गलिगलौज की और बाहर निकलने पर देख लेने की धमकी दी।

उक्त संदर्भ में फार्मासिस्ट के पिता ने मीडिया को जो जानकारी दी है उसके अनुसार कोरिया जिले के जिला स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में भंडार शाखा में फार्मासिस्ट के पद पर पदस्थ आशीष शर्मा से दिनांक 14 फरवरी 2023 को कांग्रेस नेता अरशद इराकी द्वारा फोन करके नेबुलाइजर सेट की मांग की गई। फार्मासिस्ट द्वारा मना किए जाने पर अरशद इराकी ने फोन पर ही अश्लील गालियां दी गई और धमकी देते हुए फार्मासिस्ट को देख लेने की बात कही गई। 10 मिनट बाद उक्त कांग्रेसी नेता भंडार कक्ष में पहुंच गया और फार्मासिस्ट से नेबुलाइजर न देने को लेकर मारपीट करने लगा और साथ ही शासकीय दस्तावेजों को इधर उधर फेंकने लगा हल्ला गुल्ला सुनकर दो अन्य कार्यालय में पदस्थ सहायक कपिल मरावी व विष्णु बैगा के द्वारा कांग्रेसी नेता को अलग कर भंडार कक्ष से बाहर निकालने की कोशिश की गई तब वह बाहर निकला और दरवाजे पर खड़े होकर फार्मासिस्ट से कहा गया की मुझे समझते क्या हो इस शासकीय भंडार कक्ष से मैं 50 लीटर से ज्यादा सेनिटाइजर कई ऑक्सीजन कनसंटेटर जैसे सैकड़ों सामान ले जा चुका हूं और मुझे ही आज समान मांगने पर नियम बताया जा रहा है। उक्त कांग्रेसी नेता ने यह भी कहा की मैं जमींदार साहब का आदमी हूं और 2 मिनट के अंदर ही जमींदार साहब से कहकर फार्मासिस्ट सहित सीएमएचओ को कहीं और



फिंकवाता हूं और कार्यालय से बाहर निकलने पर फार्मासिस्ट का इलाज करता हूं। इसी दौरान ड्रग इंस्पेक्टर विकास लकड़ा हल्ला सुनकर वहां पहुंचे और कांग्रेसी नेता को बाहर ले गए। फार्मासिस्ट के पिता ने यह भी बताया की उन्हे घटना के संदर्भ में जानकारी उनके पुत्र ने फोन से दी और उनके कार्यालय पहुंचने पर सीएमएचओ को इसकी जानकारी दी गई। सीएमएचओ से निर्देश प्राप्त कर पुलिस थाना बैकुंठपुर में भी जानकारी दी गई और तत्पश्चात घटना का परिक्षण कर उच्च अधिकारियों से स्वीकृति प्राप्त कर कांग्रेसी नेता पर अपराध क्रमांक 36/23 भादवि की धारा 254, 506, 332 एवम 186 के तहत मामला दर्ज हुआ और गिरफ्तारी की कार्यवाही आरंभ की गई। आरोपी कांग्रेसी नेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर दिनांक 15 फरवरी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से 1 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। फार्मासिस्ट के पिता ने यह भी बताया की कांग्रेसी नेता अपने रसूख खासकर अपने आका की प्रशासनिक पकड़ का फायदा उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती होने का भी प्रयास किया लेकिन नगर के प्रबुद्धजन सहित मीडिया की सतर्कता के कारण वह इसमें असफल रहा और उसे पुनः जेल जाना पड़ा। फार्मासिस्ट के पिता ने आरोप लगाया की आरोपी कांग्रेसी नेता यदि बीमार था तो वह बिना इलाज कुछ मिनटों में स्वस्थ कैसे हो गया।

### आरोपी कांग्रेसी नेता ने दी जेल से बाहर आने पर मारपीट की दी है धमकी, फार्मासिस्ट पिता ने आरोप लगाते हुए भयभीत होने की कही बात

आरोपी कांग्रेसी नेता ने जेल से बाहर निकलने पर देख लेने की धमकी दी है दुकान में घुसकर मारपीट करने की धमकी दी है जिससे मैं सहित मेरा परिवार भयभीत है यह आरोप फार्मासिस्ट के पिता ने लगाया है और जो पेशे से दवाई दुकान संचालक हैं। दुकान में घुसकर मारपीट की धमकी मामले में फार्मासिस्ट पिता का यह भी आरोप है की धमकी कई लोगों के बीच दिया गया है और मैं सहित परिवार इसीलिए भयभीत हैं की मेरे सहित मेरे परिवार पर कभी भी उक्त कांग्रेसी नेता हमला कर सकता है।

### फार्मासिस्ट के पिता ने अपनी दवाई दुकान बंद करने की कही बात,कांग्रेसी नेता की है दुकान,सूत्र

कांग्रेसी नेता के द्वारा मारपीट की धमकी दिए जाने मामले में फार्मासिस्ट के पिता ने अपनी दवाई दुकान भयभीत होकर बंद करने की बात कही है। फार्मासिस्ट के पिता ने कहा है की उनके सहित उनके परिवार को कांग्रेसी नेता अरशद इराकी से खतरा है इसलिए वह दुकान ही अपनी बंद कर रहें हैं वहीं बताया यह भी जा रहा है की जिस दुकान में फार्मासिस्ट के पिता अपनी दवाई दुकान संचालित करते हैं वह भवन एक बड़े कांग्रेसी नेता का ही है और उसी नेता पर कांग्रेसी नेता और आरोपी अरशद इराकी को संरक्षण देने का आरोप फार्मासिस्ट ने लगाया है।

### फार्मासिस्ट के पिता विधायक के हैं करीबी, फिर भी कांग्रेसी नेताओं से हैं परेशान,अजीब है बात

बताया जाता है की फार्मासिस्ट के पिता बैकुंठपुर विधायक के करीबी हैं और विधायक कांग्रेस पार्टी की ही हैं ऐसे में यह अजीब मामला है जहां कांग्रेस पार्टी के ही नेताओ पर फार्मासिस्ट के पिता गंभीर आरोप लगा रहे हैं जबकि मामले का हल बातचीत से निकाला जा सकता था। वैसे सूत्रों की माने तो पूरे मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवम जमीदार का नाम सामने आए और वह कांग्रेसी नेता को संरक्षण देने के मामले में शामिल हैं ऐसी जानकारी सार्वजनिक हो यह कांग्रेस के ही एक निर्वाचित जन प्रतिनिधि की मंशा है।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए स्कूल बस मालिकों को किया जा रहा परेशानःअनिल जायसवाल

» कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में लोगों को अधिवेशन में शामिल कराने परिवहन विभाग कर रहा हर जिले में वाहन मालिकों से वाहन की क्यों?

» मौखिक आदेश पर निजी बस मालिकों सहित स्कूल बसों का किया जा रहा है अधिग्रहण

» क्या कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम में सरकारी तंत्र का किया जा रहा दुरुपयोग?

» निजी बस मालिकों सहित स्कूल बस मालिकों को किया जा रहा परेशान,अनिल जायसवाल भाजपा नेतृ

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कांग्रेस पार्टी का 85 वां राष्ट्रीय अधिवेशन राजधानी रायपुर में होने जा रहा है जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित अन्य सभी बड़े कांग्रेस नेता देशभर से कार्यक्रम में शिरकत करने वाले हैं और जिसको लेकर युद्धस्तर पर तैयारी की जा रही है।



अधिवेशन में राष्ट्रीय स्तर के नेताओं सहित देशभर से जुट रहे कांग्रेस पार्टी के नेताओं के सामने अच्छी भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी भी लगभग बांट दी गई है और इसका जिम्मा प्रदेश के परिवहन विभाग को दिया गया है जिसके तहत परिवहन विभाग निजी बस मालिकों सहित स्कूल बसों का अधिग्रहण कर रहा है और वह भी मौखिक आदेश पर।

परिवहन विभाग जिला स्तर पर वाहनों का अधिग्रहण कर रहा है मौखिक आदेश दे रहा है और उन्हीं बसों से प्रत्येक जिले से लोगों को राजधानी कार्यक्रम में ले जाया जाएगा। बस मालिकों और निजी स्कूल मालिकों के अनुसार इसके लिए उन्हें परिवहन विभाग का मौखिक आदेश मिला है। उक्त संदर्भ में भाजपा नेता अनिल जायसवाल का कहना है की पार्टी के कार्यक्रम में सरकारी तंत्र का उपयोग किया जा रहा है और वाहन मालिकों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। अनिल जायसवाल ने यह भी कहा की जब सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करना ही है तो सरकार क्यों नहीं वाहनों का अधिग्रहण लिखित रूप से कर रही है और अधिग्रहण कर वाहन मालिकों को वाहनों का भाड़ा भी देने का सोच रही है। कुलमिलाकर वाहनों के अधिग्रहण में परिवहन विभाग को जिम्मेदारी देकर सत्ताधारी दल किसी तरह भीड़ जुटाने का प्रयास राजधानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में कर रहा है यह भी अनिल जायसवाल ने आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी कहा की सत्ताधारी दल अब भीड़ जुटाने के लिए सरकारी तंत्र का सहारा ले रहा है और जिससे यह भी साबित हो रहा है की राष्ट्रीय अधिवेशन में लोग खुद से जाने राजी नहीं हैं और उन्हे ले जाना पड़ रहा है जिसके लिए परिवहन विभाग को जिम्मा मिला है। कोरिया जिले के कुछ बस मालिकों ने बसों के मौखिक रूप से अधिग्रहण की बात स्वीकार भी की है।

# चिरमिरी अनूपपुर ट्रेन के स्टॉपेज के लिए राज्यसभा सांसद को सौपा गया ज्ञापन



- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़ 24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

नव निर्मित जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में स्थित है। जहां कोरोना काल के समय से अनेकों ट्रेनों को बंद कर दिया गया जिसमें से कई ट्रेने अभी तक चालू नहीं की गई हैं। वहीं दूसरी ओर यात्री सुविधाओं के नाम पर स्पेशल ट्रेन चालू की गई है। जिसमें एक लोकल स्पेशल ट्रेन जो कि मात्र 85 किमी की दूरी मात्र 4 स्टापेज तयकर चिरमिरी-अनूपपुर ट्रेन संख्या 08269 वापसी अनूपपुर-चिरमिरी ट्रेन संख्या 08270 के रूप में चलाई गई है। किन्तु इस ट्रेन का स्टापेज मनेन्द्रगढ़, जो कि जिला मुख्यालय है, नहीं दिया गया है। जिससे यात्रियों को जिला कार्यालय आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में राज्यसभा सांसद सरोज पांडे के मेंबर प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी मनेन्द्रगढ़ मंडल के अध्यक्ष आलोक जायसवाल ने एक ज्ञापन सौपते हुये बताया कि इस रूट में जब से यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ है, यह पहली ट्रेन है, जिसका स्टापेज मनेन्द्रगढ़ में नहीं दिया गया है। जबकि यात्री ट्रेनों द्वारा मनेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन से ही रेलवे को सर्वाधिक राजस्व प्राप्त होता है। साथ ही मनेन्द्रगढ़ जिला मुख्यालय से राजधानी रायपुर के लिए कोई सीधी ट्रेन संचालित नहीं है। जिससे इस जिले का सीधा सम्पर्क ट्रेन के माध्यम से राजधानी से टूटा हुआ है। जबकि कोरोना काल के पूर्व में अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन नं. 18242 एवं वापसी दुर्ग-अम्बिकापुर ट्रेन नं. 18241 में स्लिप कोच चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेन नं. 18257 एवं वापसी बिलासपुर-चिरमिरी ट्रेन नं. 18258 मे लगाया जाकर दुर्ग तक की यात्रियों ट्रेन की सुविधा दी गई थी। जिसे यात्री सुविधा के लिए पूर्ववत् स्लिप कोच लगाए जाने की नितान्त आवश्यकता है। अतः आम जनों की समस्या को देखते हुए यह जरूरी है कि अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन नं. 18242 एवं वापसी दुर्ग-अम्बिकापुर ट्रेन नं. 18241 का स्टापेज नागपुर हाल्ट में दिया जाए जिससे चिरमिरी नगर निगम के लोगों को ट्रेन की सुविधा पूर्ववत् प्राप्त हो सके। क्षेत्र की उपरोक्त ट्रेन समस्या के निराकरण हेतु ट्रेन संख्या 08269 एवं वापसी 08270 का स्टापेज मनेन्द्रगढ़ एवं ट्रेन संख्या को दुर्ग जंक्शन तक बढ़ाने हेतु जनहित में उचित पहल कि जाय. इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामचरित द्विवेदी, जे के सिंह,सुरेश श्रीवास्तव, विवेक अग्रवाल, जया कर, मीनू सिंह, गीता पासी, रितेश ताम्रकार, सुनैना विश्वकर्मा, प्रमोद बंसल, राजेश विश्वकर्मा, गंगा यादव,इक़बाल सिंह समेत भाजपा कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।

## जागरण के उद्ददेश्य लिए एकता परिषद का तीन दिवसीय वन अधिकार संवाद यात्रा पहुचा अपने अंतिम पढ़ाव में

- संवाददाता -
रामानुजनगर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

एकता परिषद द्वारा आयोजित वन अधिकार संवाद आज अपने तय स्थान पर पहुच कर अनुविभागीय अधिकारी रामानुजनगर एवं तहसीलदार रामानुजनगर को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौप कर समाप्त हुआ, जल, जमीन, वन जैसे प्राकृतिक संपदा के सरक्षण एवं सर्वधन के उद्ददेष्य से जन जाकरूकता लाने के लिए एकता परिषद के द्वारा तीन दिवसी कार्यक्रम जो कि कई किलोमीटर की यात्रा पूरी कर जगह - जगह रात्रि विश्राम करते हुए ग्रामिणों को प्राकृति के द्वारा प्रदान किये गये संपादा को किस प्रकार से सुरक्षित रखा जावें ताकि की प्राकृति के साथ अपने आप को जोडे रखा जा सकें इसके तहत् बड़ी संख्या में एकता परिषद के सदस्यों के द्वारा अपनी यात्रा रामानुजनगर तहसील के ग्राम बद्रकीआश्रम से आरंभ कर, तिवरागुड़ी, गणेषपुर, जगतपुर होते हुए आज



अपने अंतिम पढ़ाव रामानुजनगर मे साहू समाज के भवन मे समापन किया गया जहॉ संगठन के मुखिया एवं उपस्थित वक्ताओं के द्वारा यात्रा के संबंध मे अपने सुझाव दिया गया साथ ही साथ किस प्रकार इस कार्यक्रम को निरंतरता प्रदान किया जावें आदि विषयों मे विचार विमर्ष किया गया। यात्रा जहॉ - जहॉ से गुजरी वहॉ के सरपंचों एवं नागरिको के द्वारा जगह - जगह स्वागत किया गया , जल पान के व्यवस्था के साथ रात्रि विश्राम आदि की व्यवस्था प्रदान कर अपनी सहभागिता प्रदान किया। इस तीन दिवसीय यात्रा में प्रमुख रूप से एकता परिशद के जिला कांउसिल अध्यक्ष सूरजबली सिंह, ब्लाक अध्यक्ष गणपत सिंह, सचिव भईया लाल सिंह, एकता परिष्द की कार्यकर्ता नंदनी, मुखिया साथी सरस्वती बाई, शांति देवीख् चन्द्रदीप, किषुन, बिरेन्द्र, बाबूनाथ, उदय प्रजापति, सहित सैकड़ों के संख्या में आदिवासी ग्रामीण ,वृद्व, माता, बहनों के द्वारा अपनी उपस्थित दर्ज कर वन अधिकार संवाद यात्रा मे अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान कर कार्यक्रम को अपनी लक्ष्य तक पहुचाने मे सहयोग प्रदान किया।

# भावी पीढ़ी के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्णः प्रभा पटेल

» डॉ आर एन एस शिक्षा महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव संपन्न

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

शहर में शिक्षा महाविद्यालय का संचालन हमारे मनेन्द्रगढ़ के लिए गौरव का विषय है इसके लिए मैं राजेश शर्मा को बहुत धन्यवाद साधुवाद देती हूँ, हमारे नगर जिले के लिए एमसीबी जिले के लिए विकास की सोच रखते हैं आप ने 2009 में बी एड कॉलेज की स्थापना की इस दौरान कई समस्याओं का सामना करना पड़ा होगा है उन्होंने कहा कि बच्चियों को बीएड के लिए परेशानी होती थी, क्योंकि हमारी बच्चियां गार्जियंस बाहर नहीं भेज सकते थे जिसके चलते एक एक करके कई बालिकाएं अपने घर में बैठ जाती थी अब वे शहर में ही अपना लक्ष्य प्राप्त कर रही हैं। उक्त बातें मौहार पारा में संचालित डा. आर एन एस शिक्षा महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर नपाध्यक्ष प्रभा पटेल ने कही इस अवसर पर इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष प्रभा पटेल, समिति के अध्यक्ष राजेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष डा. विनय







शंकर सिंह, एसडीओ पी राकेश कुर्रे, ए के नर्सिंग कालेज के संचालक ए के ओझा, गोपाल सिंह,संस्था सचिवडा. अंजन सिंह, उपाध्यक्ष अनीता शर्मा, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, पार्षद अनिल प्रजापति, राजकुमार जैन, एल्डरमैन गिरधर जायसवाल समेत क्षेत्र के गणमान्य जन मौजूद रहे, माँ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, सर्वप्रथम संस्थान के डायरेक्टर राजेश शर्मा, शिक्षा विभाग के एचओडी विवेक पाण्डेय, सुदीप बेनर्जी,रमाकांत प्रसाद आदि ने पुष्पगुच्छ व श्रीफल भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया, इस अवसर पर कार्यक्रम का रोचक संचालन सुष्मिता पांडे एवं जितेंद्र यादव ने किया, आयोजन की अगली कड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति प्रारंभ हुई जिसमें ऋतू मिश्रा ने गायन, वैलकम सॉन्ग राजकुमारी एन्ड ग्रुप, नूपुर एन्ड ग्रुप, रामायण मंचन सिंजीता दास एन्ड ग्रुप, माइनिंग कृष्णा एन्ड ग्रुप, कोविड पर नृत्य नाटिका जूही मोंगरे, छत्तीसगढ़ नृत्य रोशनी, फिल्मी नृत्य सुनीता एन्ड ग्रुप, लेजी डांस राबिन एन्ड ग्रुप, के साथ आशीष व निलेश ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी, सभी छात्र अध्यापकों द्वारा प्रस्तुत उपस्थित जनों ने व्यापक सराहना की आयोजन को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक मंजुलता कश्यप, अंकित श्रीवास्तव, सुदीप बनर्जी, रमाकांत प्रसाद, निरंजन लाल केवट, संकेत शर्मा, सहायक रवि बघेल, रामप्रसाद मीनाका सराहनीय योगदान रहा, उपस्थित जनों का आभार प्रदर्शन सांस्कृतिक प्रभारी विवेक पांडे द्वारा किया गया, सामाजिक कार्यकर्त्ता रामचरित द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि उस मनुष्य का जीवन धन्य जी से जीवन में सच्चे गुरु की प्राप्ति हो गई, सच्चा गुरु ही अपने शिष्य को उसके लक्ष्य की ओर जाने का मार्ग प्रशस्त करता है, मुझे खुशी है इस शिक्षा महाविद्यालय में ऐसे ही गुरुजनों को गढ़ने का कार्य किया जा रहा है जो अपने ज्ञान के आलोक से छात्रों को भारत का सच्चा नागरिक बनाएंगे, इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए संस्थान के डायरेक्टर राजेश शर्मा ने कहा कि इस कॉलेज को खुले अभी 15 साल ही हो रहा है। इतने कम समय में ही यहां के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने कॉलेज का अच्छा नाम रोशन किया। इसके लिए सभी छात्र-छात्राएं व यहां का स्टाफ बधाई का पात्र हैं। सभी छात्र अपना लक्ष्य ऊंचा रखें, अपनी क्षमता व प्रतिभा को पढ़ाई के साथ- साथ इस तरह के कार्यक्रमों में प्रदर्शित करें। यह जो तरुणाई का वक्त है आप सब के लिए स्वर्णिम अवसर है। पार्षद अनिल प्रजापति ने इस अवसर पर कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियों का महत्व है कि विद्यार्थियों को अच्छे समाज और देश के हित में सुनागरिक बनाकर जीवन क्षेत्र में उन्हें आगे बढ़ने और अच्छे समाज के निर्माण के लिए तैयार किया जा सके। डा. ए के ओझा ने कहा कि महाविद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन से बालकों को अभूतपूर्व लाभ मिलता है और उन्हें मात्र सैद्धांतिक जीवन के बजाय प्रैक्टिकली जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है जिससे वे भावी जीवन के लिए आने वाले संघर्षों और कठिनाइयों से मुकाबला करने के लिए तैयार होते हैं।

# मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के खड़गवां मोर आवास मोर अधिकार अभियान अंतर्गत पदयात्रा निकली

- संवाददाता -
खड़गवां,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन के तहत भाजपा मनेंद्रगढ़ विधानसभा के द्वारा पदयात्रा खड़गवां जनपद के मां महामाया मंदिर से शुरू हुई, 25 फरवरी को चिरमिरी में विधायक निवास का घेराव करेगी भाजपा।

ज्ञात हो की पूरे प्रदेश में भाजपा के द्वारा मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन के तरह प्रदेशव्यापी पदयात्रा व विधायक निवास घेराव का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के खड़गवां जनपद के मां महामाया मंदिर से जनकपुर, पीपरबहरा, बरदर होते हुए शिवपुर बाजार में आम सभा के उपरांत समाप्त हुई। इसके उपरांत 25 फरवरी को चिरमिरी में पदयात्रा के उपरांत विधायक मनेंद्रगढ़ विनय जायसवाल के निवास का घेराव किया जाएगा। पदयात्रा उपरांत शिवपुर बाजार में हुई आम सभा में पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीब, मजदूर, बेसहारा लोगों को आवास आवंटन की दिशा में कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि जो मुख्यमंत्री गरीबों को आवास आवंटित नहीं कर सकते, ऐसे मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ में अपने आर्थिक मॉडल का ढोल पीटते रहते हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि सभी कच्चे मकान पक्के मकान में बदल जाएं और आवासहीनों को सिर ढंकने आवास मिल जाये। हमें उनके सपनों को पूरा करना है। छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार इनके सपने को कुचल रही है। उन्होंने कहा कि सड़क पर उतर कर जनता कह रही है कि भूपेश बघेल हमारा प्रधानमंत्री आवास दो। प्रधानमंत्री आवास हमारा अधिकार है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के शासनकाल में लगभग 7 लाख 80 हजार प्रधानमंत्री आवास बनाए गए। प्रत्येक गांव में 60 से लेकर 100 तक आवास का निर्माण हुआ। जब से यह कांग्रेस की सरकार आई है प्रधानमंत्री आवास बनना बंद हो गया है। आवास न बना पाने के कारण टी एस सिंहदेव जी इस्तीफा दे देते हैं परंतु भूपेश बघेल के कानों में जूं नहीं रेंगती है। उन्होंने कहा भूपेश बघेल जी प्रदेश के गरीब जनता अपने आशियाने के लिए 2023 के विधानसभा चुनाव में आपका महल ध्वस्त कर देगी।







इस दौरान मनेंद्रगढ़ विधानसभा प्रभारी मनोज शर्मा, जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, जिला मंत्री अरुणोदय पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष रामलाल साहू, जनपद सदस्य पवन नेटी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राम प्रताप, धरमपाल सिंह ने भी संबोधित करते हुए प्रदेश की भूपेश सरकार को आड़े हाथों लिया।

इस दौरान प्रदीप सलूजा, रामलखन सिंह, मंडल महामंत्री रमेश जायसवाल, अल्प संख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री श्रीमती मुनमुन जैन, मनोज जैन, परमानंद जायसवाल, श्याम कार्तिक साहू, सत्येंद्र साहू, राजेंद्र दास, ओम शुक्ला, पतिराज सिंह, अशोक खरे, मनीष खटीक, पुष्पराज जायसवाल, नरेंद्र सिंह, पंकज सिंह, पीतांबर साहू, सहित काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक उदय किरण ने कोरबा पुलिस की ऑफिशियल वेबसाइट की लॉन्च

- संवाददाता -
कोरबा,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आम नागरिक जो कि पुलिस के पास फरियादी बन कर अपनी शिकायतों की फरियाद लगाने एवं सत्यापन संबंधी कार्य के लिए पुलिस जिला मुख्यालय में आना पड़ता है, जिसके लिए उन्हें दिनभर का समय देना पड़ता था। साथ ही फरियादियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब फरियादियों को पुलिस जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। लोग अब घर बैठे ऑनलाइन ही पुलिस अधीक्षक से सीधे शिकायत एवं आवेदन कर सकेंगे।



इसके लिए पुलिस अधीक्षक उदय किरण ने कोरबा पुलिस की ऑफिशियल वेबसाइट लांच की है। अब वेबसाइट पर लोग सीधे शिकायत कर सकेंगे। आमजन के शिकायतों/आवेदनों का निदान हुआ कि नहीं इसे लेकर पुलिस अधीक्षक सीधे निगरानी करेंगे। उल्लेखनीय है कि थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही नहीं की जाती है ,जिसके चलते दूरदराज में रहने वाले ग्रामीणों को अपनी शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक के पास जिला मुख्यालय आना पड़ता है। खासतौर पर दूर-दराज में रहने वाले लोगों को इसके लिए खासी मशक्कत करनी पड़ती है। पुलिस अधीक्षक उदय किरण ने आम फरियादियों को किसी तरह की परेशानी ना हो और घर बैठे शिकायतों पर पुलिस की मदद पा सके इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने कोरबा पुलिस की वेबसाइट लॉन्च कि द्व जिसमें आम लोगों को मोबाइल के माध्यम से या फिर संबंधित आसपास के कंप्यूटर सेंटर में जाकर korbapolice.cg.gov.in (वेबसाइट) में शिकायत करेंगे। पुलिस अधीक्षक प्रतिदिन इस वेबसाइट की स्वयं निगरानी करेंगे और शिकायतों को थाने भेजकर मामलों का त्वरित निदान भी कराएंगे तथा अपनी नजर भी रखेंगे जिससे शिकायतों पर त्वरित अमल हो। तय समय के भीतर मामलों का निदान नहीं होने पर थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई भी करेंगे ताकि आम जनता व फरियादियों को तय समय के भीतर उनके समस्या का निदान हो सके और उन्हें न्याय मिल सके।

# कलेक्टर ने किया राम वनगमन पर्यटन परिपथ कार्य का निरीक्षण

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

कुंदन कुमार ने शुक्रवार को उदयपुर में रामगढ़ की पहाड़ी के पास बन रहे राम वनगमन पर्यटन परिपथ के कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यटन परिपथ में बन रहे पर्यटन सूचना केंद्र तथा भगवान राम की मूर्ति स्थापना हेतु बनाये जा रहे आधार का अवलोकन कर अधिकारियों और ठेकेदारों को कार्य में प्रगति लाने मजदूरों की संख्या व काम के घंटे बढ़ाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने फाउंडेशन से लेकर बिल्डिंग तक सभी कार्यों में कार्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखकर कार्य करने के लिए निर्देश दिये। टूरिस्ट इनफार्मेशन सेंटर में कार्य की गुणवत्ता और इंटीरियर डिज़ाइन में विशेष ध्यान देने पर बल दिया। उन्होंने लाइट की व्यवस्था कर और दिन रात कैंप लगाकर मेहनत और लगन से कार्य को पूर्ण करने कहा। इसके साथ कैंपस की साफ़-सफ़ाई तथा नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राम वनगमन पर्यटन परिपथ राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजना है इसमें किसी भी प्रकार कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

टूरिस्ट इनफार्मेशन सेंटर कॉम्प्लेक्स के निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर ने रामगढ़ की पहाड़ी में मंदिर तक बन रहे सीसी रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कार्य कि गुणवत्ता में कोई समझौता न करें। गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ सड़क का निर्माण निर्धारित मानक कि अनुरूप किया जाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कार्य के तकनीकी पहलुओं कि बारे में जानकारी प्राप्त की। यह सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा रामगढ़ पहाड़ी तक पहुँच मार्ग के रूप में लगभग 3.50 किमी का बन रहा है। इसमें लगभग 1600 मीटर का कार्य पूर्ण हो गया है। निरीक्षण कि दौरान डीएफ़ओ श्री पंकज कमल, राम वनगमन प्रभारी श्री मोहन साहू, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी तथा वन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने अशोक वाटिका उन्नयन कार्य को 30 अप्रैल तक पूरा करने के दिया निर्देश

- संवाददाता -
कोरबा,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि अशोक वाटिका के उन्नयन, निर्माण संबंधी समस्त कार्यो को 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं ताकि इस महत्वपूर्ण पर्यटन,मनोरंजन केन्द्र का लाभ आमजन को शीघ्र से शीघ्र प्राप्त हो सके। उन्होंने विवेकानंद शैक्षणिक संस्थान भवन के शेष बचे कार्य को 15 अप्रैल तक पूरा करने, रिवर-व्यू प्वाइंट के शेष कार्य को 15 दिन में अंतिम रूप देने एवं ई-लाइब्रेरी का संचालन 02 सप्ताह के अंदर प्रारंभ किए जाने की समयसीमा निर्धारित करते हुए समय सीमा में कार्यो को पूरा करने का अल्टीमेटम दिया द्व

आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने शुक्रवार अशोक वाटिका, विवेकानंद शैक्षणिक संस्थान, रिवर-व्यू प्वाइंट, ई-लाईब्रेरी सहित निगम के विभिन्न प्रगतिरत निर्माण कार्यो व परियोजनाओं का अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण किया, कार्यो की कार्य प्रगति को देखा तथा कार्यो को पूरा करने की समयसीमा निर्धारित करते हुए उक्त समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। यहॉं उल्लेखनीय है कि सी.एस.ई.बी.चौक से स्टेडियम की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित अशोक वाटिका के उन्नयन का कार्य 10 करोड़ रूपये की लागत से कराया जा रहा है, इसमें ओपन थियेटर, सिटिंग जोन, रेल ट्रेक, ओपनजिम एरिया, बोटिंग जोन, रिडिंग जोन, वाटरफाल व रॉक गार्डन, हर्बल गार्डन, कैफेटेरिया, चिल्ड्रन प्ले एरिया, कलरफुल फाउण्टेन, बटरफ्लाई जोन, वाटरबाडी, स्टेप्ड गार्डन, म्यूजिकल फाउण्टेन, रिलेक्सीन एरिया, स्पोर्ट्स जोन साईकिलिंग ट्रेक, फ्लावर जोन, वर्टिकल गार्डन, योगा जोन, फूड जोन, वेंडर जोन व चौपाटी, स्टोन फाउण्टेन, पार्किंग एरिया, लैण्ड स्केपिंग, लॉन एरिया, प्लांटेशन, उद्यानिकी, पाम कलस्टर, महिला-पुरूषों के लिए पृथक-पृथक टायलेट सुविधा, टिकट काउंटर, बाउण्ड्रीवाल व भव्य प्रवेशद्वार सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने अशोक वाटिका में प्रगतिरत निर्माण कार्यो का सघन निरीक्षण किया, उन्होने खेल जोन, कैफेटेरिया, एडवेंचर स्पोर्ट, पौन्डस निर्माण, पाथवे, बोडिंग व्यवस्था, ओपन थियेटर, रेस्टोरेंट, फाउंटेन ,प्लांटेशन सहित प्रगतिरत कार्यो का अवलोकन किया, वाटिका में विभिन्न प्रजातियों के डेढ लाख पौधों का भी रोपण किया जाना है, तत्संबंध में आयुक्त पाण्डेय ने आवश्यक दिशा निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए। उन्होने बारिश के पानी की निकासी के लिए इनलेट की व्यवस्था तथा बाहरी गेट, ग्रीलयुक्त बाउंड्रीवाल निर्माण के निर्देश दिए ताकि वाटिका की पार्किंग व सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनी रहे। आयुक्त पाण्डेय ने विवेकानंद शैक्षणिक संस्थान भवन का भी निरीक्षण किया तथा शेष बचे कार्यो को 15 अप्रैल तक पूरा करने को कहा। उन्होने साकेत भवन के सामने किए जा रहे फुटपाथ निर्माण संबंधी कार्यो का भी निरीक्षण तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।



**रिवर-व्यू प्वाइंट का आनंद आमजन को शीघ्र**

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दर्री डेम के किनारे सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस के बगल में लगभग 02 करोड़ रूपये की लागत से रिवर-व्यू प्वाइंट का निर्माण कराया गया है। उक्त कार्य के अंतर्गत व्यू प्वाइंट के साथ-साथ फाउंटेन, पाथवे, गार्डनिंग, रेस्ट शेड सहित अन्य सौदर्यीकरण कार्य किए गए हैं। आयुक्त पाण्डेय ने स्थल का निरीक्षण करते हुए मिट्टी फिलिंग, ग्रासिंग, पेंटिंग, वाईट वासिंग सहित अन्य आवश्यक कार्यो व व्यवस्थाओं को 15 दिवस के अंदर पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए ताकि आमजन रिवर-व्यू प्वाइंट का आनंद शीघ्र उठा सके। उन्होने स्थल पर रेस्टोरेंट की व्यवस्था, बोटिंग व्यवस्था आदि के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए द्व निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला एवं विनोद शांडिल्य, सहायक अभियंता सुनील टांडे, विनोद नेताम, रमेश सूर्यवंशी, अशोक वाटिका उन्नयन कार्य की निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि अभिषेक गोयल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिले के पहले मिलेट कैफे का महापौर राज किशोर प्रसाद और कलेक्टर श्री झा ने किया शुभारंभ

- संवाददाता -
कोरबा,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

प्रदेश का दूसरा मिलेट कैफे कोरबा शहर में शुरू हो गया है। मिलेट कैफे में सेहत से भरपूर व्यंजनों का जिलेवासी स्वाद ले सकेंगे। महापौर राज किशोर प्रसाद और कलेक्टर संजीव झा ने जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की मौजूदगी में कोरबा शहर के निहारिका में स्मृति उद्यान के सामने जिले के पहले मिलेट्स कैफे का फीता व केक काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि दुनियाभर में साल 2023 को इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में कोरबा में अब जिले के पहले मिलेट्स कैफे की शुरुआत हो गई है। इस कैफे में सेहत के लिए भरपूर मिलेट्स के व्यंजन का स्वाद लोग ले सकेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर संजीव झा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा अनुसार कोरबा जिले में भी पहले मिलेट्स कैफे का शुभारंभ किया गया है। यह कैफे रायगढ़ जिले के बाद प्रदेश का दूसरा मिलेट कैफे है। कलेक्टर श्री झा ने कहा कि इस मिलेट्स कैफे में कोदो, कुटकी ,रागी समेत अन्य लघु धान्य फसलों से निर्मित व्यंजन जैसे इडली, डोसा, पोहा, उपमा ,भजिया खीर ,हलवा, कुकीज , मोल्ड के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन लोगों के लिए उपलब्ध रहेंगे। मिलेट्स के सभी उत्पाद सेहत के लिए भरपूर फायदेमंद है। कलेक्टर झा ने कहा कि मिलेट्स कैफे का संचालन महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से किया जाएगा। इससे महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर भी निर्मित होंगे। श्री झा ने कहा कि जिले के किसानों के लिए मिलेट्स उत्पादों के बाजार की समस्या नहीं रहेगी। इससे किसानों को भी फायदा भी होगा। इस अवसर पर नगर पालिक निगम के सभापति श्यामसुंदर सोनी, नगर निगम के एमआईसी मेंबर संतोष राठौर,अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, नगर निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पांडेय, जिला पंचायत के सीईओ नूतन कंवर, जनप्रतिनिधि सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, श्रीमती सपना चैहान सहित नागरिक गण मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि मिलेट्स के उत्पादन को बढ़ावा देने और इनसे मिलने वाले पोषक तत्वों के बारे में जन जागरूकता के लिए वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। मिलेट्स के अंतर्गत मुख्य रूप से कोदो, कुटकी और रागी की खेती होती है। इसके उत्पादन को मिल रहे प्रोत्साहन से किसानों का भी उत्साह बढ़ा है। मिलेट्स कैफे के शुभारंभ के बाद महापौर प्रसाद, कलेक्टर झा व अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने मिलेट कैफे के व्यंजनों का स्वाद भी चखा। कोरबा के पहले मिलेट्स कैफे की शुरुआत जिला प्रशासन की पहल व सहयोग से हुआ है। इसका संचालन नव जागृति महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जाएगा। इससे महिला स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।






# संसद की कार्यप्रणाली को समझकर लोकतंत्र को बनाए मजबूत-कमिश्नर







- संवाददाता -
अम्बिकापुर,24 फरवरी 2023 (घटती-घटना)।

संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतोयोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सरगुज़ा जिले की टीम विजेता बना। दूसरा स्थान कोरिया जिले की टीम को प्राप्त हुआ। विजेता तथा उप विजेता सहित व्यक्तिगत रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया गया। कमिश्नर डॉ. संजय कुमार अलंग ने शुक्रवार को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में संभाग के 6 जिलों के करीब 291 युवा अपनी टीम के साथ शामिल हुए। एक टीम में 40 से 45 सदस्य थे। युवाओं ने प्रतियोगिता में संसद के कार्यवाहियों का बहुत ही बेहतर व सटीक प्रदर्शन कर मिनी संसद का अहसास कराया। कमिश्नर डॉ अलंग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक शासन प्रणाली ही सर्वोत्तम है जिसमे जनता अपना प्रतिनिधि चुनकर अपने लिए सरकार बनाती है। अपनी जरूरत व विकास के लिए जनप्रतिनिधियों के माध्यम से बात पहुंचाई जाती है। लोकतांत्रिक प्रणाली में नीति निर्धारण में संसद की शक्ति सर्वोच्च है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खुश्बू टेकाम स्व0 धूरन साय निवासी सकालो थाना तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (पिता) स्व0 धूर साय आ0 मृत्यु की दिनांक 12/08/2012 को स्थान में हुई है आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

सील तहसीलदार
अम्बिकापुर,सरगुजा(छ0ग0)

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0**

**शपथ-पत्र**

मैं श्रीमती अर्चना सिंह पति श्री पंकज कुमार सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी मेरिन ड्राईव विश्वकर्मा मंदिर के पीछे, अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 हालमुकाम सगुन गार्डन के पीछे,गौरी वार्ड न0 29 बौरीपारा, अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 की शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूं कि-

1. मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मैं मेसर्स क्रांकीटमेन के 25 प्रतिशत की भागीदार हूं।
2. मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि दिनांक 01/04/2022 से मैं अपनी स्वेच्छा से मेसर्स क्रांकीटमेन से अलग हो रही हूं।
3. मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि दिनांक 01/04/2022 से किसी भी प्रकार की वैधानिक शासकीय बैंक से संबंधित ऋण एवं किसी भी प्रकार की देनदारियों में मेरी भागीदारी नहीं होगी। जिस पर हमारी आपसी सहमति हो गई है।
4. मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि दिनांक 01/04/2022 से मेरा फर्म मेसर्स क्रांकीटमेन से कोई लेना-देना नहीं है। जिस हेतु यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

**सत्यापन**

मैं श्रीमती अर्चना सिंह पति श्री पंकज कुमार सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी मेरिन ड्राईव विश्वकर्मा मंदिर के पीछे, थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 हाल मुकाम सगुन गार्डन के पीछे,गौरी वार्ड नं0 29 बौरीपारा,अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 की यह घोषित करती हूं कि उपरोक्त शपथ-पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 04 तक में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है, जिसे अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

शपथग्रहिता
**श्रीमतीअर्चना सिंह**
अम्बिकापुर

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0**

**शपथ-पत्र**

मैं पवन कुमार सिंह आ0 श्री महेन्द्र सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी मेरिन ड्राईव विश्वकर्मा मंदिर के पीछे, अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 हालमुकाम सगुन गार्डन के पीछे,बौरीपारा, अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 की शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूं कि-

1. मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मैं मेसर्स क्रांकीटमेन के 25 प्रतिशत का भागीदार हूं।
2. मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि दिनांक 01/04/2022 से मैं अपनी स्वेच्छा से मेसर्स क्रांकीटमेन से अलग हो रहा हूं।
3. मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि दिनांक 01/04/2022 से किसी भी प्रकार की वैधानिक शासकीय बैंक से संबंधित ऋण एवं किसी भी प्रकार की देनदारियों में मेरी भागीदारी नहीं होगी। जिस पर हमारी आपसी सहमति हो गई है।
4. मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि दिनांक 01/04/2022 से मेरा फर्म मेसर्स क्रांकीटमेन से कोई लेना-देना नहीं है। जिस हेतु यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

**सत्यापन**

मैं पवन कुमार सिंह आ0 श्री महेन्द्र सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी मेरिन ड्राईव विश्वकर्मा मंदिर के पीछे, थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 हाल मुकाम सगुन गार्डन के पीछे,बौरीपारा,अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 की यह घोषित करता हूं कि उपरोक्त शपथ-पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 04 तक में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है, जिसे अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथग्रहिता
**पवन कुमार सिंह**
अम्बिकापुर

# आईटीएफ महिला टूर्नामेंट से मिलेगी खिलाड़ियों को नई पहचान

### शीर्ष भारतीय अंकिता-करमन लेंगी हिस्सा

**बेंगलुरु,24 फरवरी 2023।** भारत की शीर्ष रैंकिंग की एकल टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना और करमन थांडी यहां 'पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस' में 26 फरवरी से शुरू होने वाली आईटीएफ महिला 25 के प्रतियोगिता में शिरकत करेंगी। रैना (245 रैंकिंग) और थांडी (265) के अलावा सहजा यामालापल्ली और सोहा सादिक जैसी युवा खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा लेंगी। क्वालीफाइंग दौर 26 और 27 फरवरी को खेले जायेंगे। आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट महिला खिलाड़ियों के लिए काफी अहम होने वाला है।

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड प्रायोजित आईटीएफ महिला 25के जो रेवा विश्वविद्यालय द्वारा सह-प्रायोजित है। इसका आयोजन 26 फरवरी से 5 मार्च 2023 के बीच बेंगलुरु में पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में होने वाला है। इस टूर्नामेंट के जरिए महिला टेनिस खिलाड़ियों को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना मकसद है।

इस टूर्नामेंट में दुनिया भर से शीर्ष रैंक वाली महिला टेनिस खिलाड़ियों द्वारा हिस्सा लिया जाएगा। इस टूर्नामेंट में एकल और युगल दोनों वर्ग में ताज के लिए मुकाबला करेंगी। बता दें कि क्वालीफाइंग राउंड रविवार 26 और 27 फरवरी को खेले जाएंगे और मुख्य ड्रा मंगलवार 28 फरवरी से शुरू होगा। आयोजनकर्ताओं के मुताबिक



टूर्नामेंट में दर्शकों का प्रवेश निशुल्क होगा। टूर्नामेंट खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए एक शानदार अनुभव होने का वादा करता है, क्योंकि अंकिता रैना, वर्ल्ड नंबर 245 और वर्ल्ड नंबर 265 कर्मन कौर थंडी शीर्ष रैंक वाली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं, जो टूर्नामेंट में भाग लेंगी। इस आयोजन की मेजबानी करने पर आयोजकों का कहना है कि इस अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट के माध्यम से, पादुकोण - द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस का उद्देश्य देश में महिला टेनिस को बढ़ावा देना और विकसित करना है।

इस तरह का टूर्नामेंट हमारे देश की महिला टेनिस खिलाड़ियों को विश्व टेनिस रैंकिंग में ऊपर चढ़ने के लिए आवश्यक आईटीएफ अंक हासिल करने में मदद करता है। इससे खिलाड़ी न केवल वे महत्वपूर्ण अंक प्राप्त करते हैं, बल्कि इससे उन्हें आर्थिक रूप से भी लाभ होता है क्योंकि वे यात्रा लागत पर बचत करते हैं जो उन्हें आईटीएफ टूर्नामेंट में खेलने के लिए विदेशों में जाने के लिए खर्च करना पड़ता था।

टूर्नामेंट अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) द्वारा स्वीकृत टूर्नामेंट है। ये अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) और कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ (केएसएलटीए) के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। गौरतलब है कि सानिया मिर्जा के रिटायरमेंट के साथ अब जरुरी है कि भारत फिर से विश्व स्तर पर टेनिस में सफल हो, जिसके लिए महिला खिलाड़ियों को पूरजोर मेहनत करनी होगी।

# भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने कोच पार्क ताए से खुद को किया अलग

**नई दिल्ली,24 फरवरी 2023।** भारत की ओलंपिक मेडलिस्ट और स्टार शटलर पीवी सिंधु ने अपने कोच पार्क ताए से खुद को अलग कर लिया है। पार्क ताए-संग के साथ, पीवी सिंधु ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता, साथ ही पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। बैडमिंटन में ओलंपिक मेडल जीतकर इतिहास रचने वाली पीवी सिंधु को लेकर बड़ी खबर है। पीवी सिंधु और उनके कोच पार्क ताए ने अलग अलग राहें चुनने का फैसला किया है। पार्क और सिंधु वर्ष 2019 में साथ आए थे, जिसके बाद से पार्क ही सिंधु की कोचिंग संभाल रहे थे। पीवी सिंधु ने पार्क ताए के साथ मिलकर तीन बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टाइलें जीते जिसमें सैयद मोदी इंटरनेशनल, स्विस ओपन और सिंगापुर ओपन शामिल है। बता दें कि उन्होंने बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में महिला एकल स्वर्ण पदक और 2020 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक और फिर 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता।

वर्तमान में पीवी सिंधु की फॉर्म काफी खराब रही है। वो कई टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन नहीं कर सकी है। ऐसे में पार्क ने सिंधु की हालिया खराब



फॉर्म की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि हाल के कुछ मैचों में पीवी सिंधु ने कुछ खराब प्रदर्शन किया है जिसके लिए पूरी जिम्मेदारी मेरी है।

उन्होंने बताया कि सिंधु को नया कोच चाहिए। सिंधु जल्द ही अपने लिए नया कोच ढूंढ लेगी। उनके साथ अगले ओलंपिक्स तक रहने की इच्छा थी मगर ये संभव नहीं होगा। हालांकि उनके साथ बिताया हर पल यादगार होगा। बता दें कि बर्मिंघम खेलों के दौरान सिंधु के टखने में स्ट्रेस फ्रैक्चर हो गया था, जिसके बाद उन्होंने खेल से ब्रेक ले लिया। इस साल की शुरुआत में जनवरी में बैडमिंटन में उनकी वापसी काफी हैरानी भरी रही, क्योंकि उन्हें मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन दोनों में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा था।

### सिंधु ने दिया था बयान

इससस पहले सिंधु ने बताया था कि कैसे उनके कोच ने मलेशिया ओपन में पहले दौर की हार की जिम्मेदारी ली थी और पार्क का बचाव किया था क्योंकि उन्होंने जोर देकर कहा था कि चोट से वापसी करना हमेशा मुश्किल होता है।



# अवनी ने जीता खिताब

### भारत सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहा

**मनीला ,24 फरवरी 2023।** अवनी प्रशांत शुक्रवार को क्वीन सिरीकिट कप में जीत हासिल करने वाली पहली भारतीय गोल्फर बनीं जिससे उन्होंने भारतीय टीम को भी टूर्नामेंट के 43 साल के इतिहास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद की। पहले तीन दिन 68, 66 और 70 के कार्ड खेलने वाली अवनी का कुल स्कोर 16 अंडर का रहा जिससे वह न्यूजीलैंड की फियोना जु से 10 स्ट्रोक्स आगे रही जिन्होंने छह अंडर का कुल स्कोर बनाया। बेंगलुरू की 16 साल की अवनी हाल में शीर्ष 100 में पहुंची। विश्व एमेच्योर गोल्फ रैंकिंग में 93वें स्थान पर चल रही अवनी की बदौलत भारत ने कोरियाई टीम को कड़ी चुनौती दी और फिर दूसरे स्थान पर संतोष किया।

अवनी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, उनकी साथी विधात्री उर्स (74-77-72-74) संयुक्त 19वें और निश्ना पटेल (80-78-74-75) संयुक्त 30वें स्थान पर रहीं। टीम स्पर्धा में कोरिया ने 12 अंडर 564 के कुल स्कोर से पहला स्थान हासिल किया।

अवनी ने कहा, ''इस जीत का लंबे समय से इंतजार था और मैं इस पूरे साल में आगामी नतीजों को लेकर उत्साहित हूं। यह थोड़ा निराशाजनक है कि मैं इस साल ऑगस्टा नहीं जा रही हूं लेकिन उम्मीद है कि 2024 में मैं वहां खेल पाऊंगी। मैं इस जीत से काफी खुश हूं और उम्मीद करती हूं कि इसी लय को आगे भी जारी रखूं।

## शीर्ष पहलवानों के अंतरराष्टीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने से खफा मंत्रालय

**नई दिल्ली,24 फरवरी 2023।** खेल मंत्रालय देश के शीर्ष पहलवानों के भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) और इसके अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के साथ चल रहे उनके गतिरोध के कारण अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने से नाराज है। विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, रवि दहिया, दीपक पूनिया, अंशु मलिक और संगिता मोर सहित शीर्ष पहलवानों ने जगरेब और अलेक्सजांद्रिया में यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि एक जांच पैनल डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रहा है।

बृज भूषण लंबित जांच के कारण अपने पद से अलग हो गये हैं। पहलवानों के इस कदम से सरकार नाराज है जो पहलवानों को तैयारियों और ट्रेनिंग के लिये 'टारगेट ओलंपिक्स पोडियम स्कीम' (टॉप्स) के अंतर्गत वित्तीय सहायता मुहैया कराती है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, ''हमें यह पता नहीं चल रहा कि जब उनकी मांगें मान ली गयी हैं तो वे (टूर्नामेंट में) हिस्सा क्यों नहीं ले रहे।

हमें समिति को जांच पूरी करने के लिये समय देने की जरूरत है। यह पहलवानों का फैसला है और हम किसी को भी बाध्य नहीं कर सकते लेकिन उन्हें टूर्नामेंट से हटना नहीं चाहिए। '' डब्ल्यूएफआई का रोजमर्रा का कामकाज महान मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम की अगुआई वाली छह सदस्यीय निगरानी समिति देख रही है।

# भारत दौरे पर मैक्सवेल,मार्श की वनडे टीम में वापसी

**मेलबर्न ,24 फरवरी 2023।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के विरुद्ध मार्च में होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिये ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल मार्श को टीम में शामिल किया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इसकी जानकारी दी।

मार्श को टखने की सर्जरी के कारण तीन महीने के लिये क्रिकेट से दूर कर दिया गया था, जबकि मैक्सवेल नवंबर में एक दोस्त की जन्मदिन की पार्टी में अपना पैर फ्रैक्चर करवा बैठे थे। मैक्सवेल अपनी सर्जरी और रिहैब से गुज़रने के बाद फिलहाल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में विक्टोरिया के लिये खेल रहे हैं, जबकि मार्श इस सप्ताहांत लिस्ट-ए क्रिकेट में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के लिये खेल सकते हैं। दोनों खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच जारी टेस्ट सीरीज के समापन के बाद मुंबई (17 मार्च), विशाखापटनम (19 मार्च) और चेन्नई (22 मार्च) में होने वाले एकदिवसीय मुकाबलों के जरिये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करेंगे।

सीए ने बताया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट के बाद घर लौटने वाले डेविड वॉर्नर भी एकदिवसीय सीरीज में हिस्सा लेंगे। वॉर्नर को दूसरे टेस्ट के दौरान कंकशन और कोहनी में हेयरलाइन फ्रैक्चर होने के कारण ऑस्ट्रेलिया लौटना पड़ा था। नवंबर में इंग्लैंड के विरुद्ध वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले ट्रैविस हेड भारत में भी वॉर्नर के साथ सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभा सकते हैं।



भारत के विरुद्ध टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके तेज गेंदबाज जॉश हेज़लवुड वनडे सीरीज में भी नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि जून में इंग्लैंड के विरुद्ध होने वाली एशेज़ टेस्ट सीरीज को ध्यान में रखते हुए हेज़लवुड को आराम दिया गया है।

बेली ने कहा, जॉश का इस सीरीज में खेलना बहुत अच्छा होता लेकिन हमने इंग्लैंड दौरे को ध्यान में रखते हुए सतर्कता बरती है जहां वह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

बेली ने कहा, विश्व कप सिर्फ सात माह दूर है और भारत में ये मैच हमारी तैयारी का अहम हिस्सा हैं। ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल मार्श और झे रिचर्डसन संभवत : अक्टूबर में हमारी टीम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे।

गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से ठीक पहले सितंबर में भी एक बार भारतीय सरजमीन पर वनडे सीरीज खेली।

ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम = पैट कमिंस (कप्तान), शॉन एबॉट, एश्टन आगर, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जॉश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, झे रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टॉइनिस, डेविड वार्नर, एडम ज़ैम्पा।

भारतीय स्क्वाड = रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, के एल राहुल, ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, जयदेव उनादकट।

# भारत में 13 साल बाद धूम मचाने को तैयार है बैकस्ट्रीट ब्वॉयज

भारत में इन दिनों अमेरिकी बैकस्ट्रीट ब्वॉयज की चर्चा हो रही है। वर्ष 2010 में भारत में अपनी कला का प्रदर्शन करने वाला यह बैंड अब एक बार फिर से भारतीय दौरे पर आ रहा है। बैकस्ट्रीट ब्वॉयज ने आधिकारिक तौर पर यह जानकारी प्रदान की है वह अपने डीएनए वर्ल्ड टूर के तहत भारत में 13 साल बाद प्रदर्शन करने जा रहा है। इस खबर से संगीत के प्रेमी खासे उत्साहित हैं। समाचारों के अनुसार यह ग्रुप भारत के दो बड़े शहरों दिल्ली और मुम्बई में अपनी कला का प्रदर्शन करेगा।





जानकारी के मुताबिक सबसे पहले बैकस्ट्रीट ब्वॉयज मुंबई के जियो वर्ल्ड गार्डन में 4 मई को दर्शकों का मनोरंजन करने को तैयार है। इसके बाद देश की राजधानी दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 5 मई को बैकस्ट्रीट ब्वॉयज अपना प्रदर्शन करेगा। गौरतलब है कि इस दफा वर्ल्ड फेमस बैंड को भारत में बुक माइ शो और लाइव नेशन ला रहा है। भारत में बैकस्ट्रीट ब्वॉयज का पहले दौरा काफी शानदार था। लोगों ने इस बैंड को काफी अच्छा रिस्पॉन्स दिया था। ज्ञातव्य है कि बैकस्ट्रीट ब्वॉयज को 90 के दशक में एजे मैकलीन, होवी डोरो, केविन रिचर्डसन, निक कार्टर और ब्रायन लिटरेल ने साथ में मिलकर शुरू किया था। वहीं डीएनए वर्ल्ड टूर की बात करें तो ये कोरियोग्राफी और अपनी आवाज के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। इसने कई हिट गाने दिए हैं जिसमें एज लॉन्ग एज यू लव मी से लेकर डोंट गो ब्रेकिंग माई हार्ट तक का नाम शामिल है। लोगों को ये गाने खूब पसंद आते हैं।

# नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित होगी यामी गौतम की थ्रिलर फिल्म चोर निकल के भाग




हाल ही में यामी गौतम की वेब सीरीज लास्ट ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित हुई थी। अब उनकी एक और फिल्म का ओटीटी पर प्रदर्शन होने जा रहा है। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर घोषणा की है कि यामी गौतम और सनी कौशल की फिल्म चोर निकल के भाग आगामी 24 मार्च को स्ट्रीमिंग की जाएगी। तेज-तर्रार डकैती-थ्रिलर के रूप में जानी जाने वाली यह फिल्म अजय सिंह द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स के अमर कौशिक और दिनेश विजान द्वारा निर्मित है। शरद केलकर अभिनीत, चोर निकल के भागा एक एयर होस्टेस और उसके व्यवसायी प्रेमी की कहानी है, जो एक ऋण शार्क के चंगुल से खुद को मुक्त करने के लिए हीरे चोरी करने के मिशन पर हैं। हालाँकि, डकैती बुरी तरह से गलत हो जाती है जब हीरों को ले जाने वाला विमान ही बंधक स्थिति में फंस जाता है। अजय सिंह ने कहा कि चोर निकल के भागा में काम करना एक रोमांचकारी, रोलर कोस्टर राइड साबित हुआ।

यामी और सनी को निर्देशित करना और इस फिल्म को उनके प्रदर्शन के माध्यम से देखना और कथानक रोमांचक था और मैं नेटफ्लिक्स के माध्यम से दुनिया भर के दर्शकों को हमारे प्यार के अनुभव का इंतजार नहीं कर सकता।




## अमिताभ बच्चन, टाइगर श्रॉफ की फिल्म गणपथ 20 अक्टूबर को रिलीज होगी

आने वाली डायस्टोपियन एक्शन फिल्म गणपथ ने अपनी रिलीज डेट बुक कर ली है। बुधवार को फिल्म के निर्माताओं ने टाइगर श्रॉफ के दमदार अवतार में एक पावर-पैक वीडियो के साथ फिल्म की रिलीज की तारीख का खुलासा किया। यह फिल्म 20 अक्टूबर को दशहरे के आसपास पांच भाषाओं- हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और तेलुगु में रिलीज होगी।

टाइगर श्रॉफ को हाल ही में मुंबई में अपने बाजू पर नया टैटू गुदवाते हुए देखा गया था, जो रिलीज की तारीख की घोषणा के लिए बड़ा खुलासा था। फिल्म में कृति सैनॉन और दिग्गज सुपरस्टार अमिताभ बच्चन भी हैं, जो फिल्म में एक महत्वपूर्ण किरदार निभाएंगे। यह पहली बार होगा जब दर्शक अमिताभ बच्चन और टाइगर श्रॉफ को एक साथ सिल्वर स्क्रीन पर देखेंगे।

इस अवसर पर, निर्माता जैकी भगनानी ने कहा- मैं हमेशा से इस नई दुनिया को सिनेमा के चश्मे से देखने का प्रशंसक रहा हूं, यही बात मुझे इस फिल्म को लेकर वास्तव में उत्साहित करती है। और मैं रोमांचित, उत्साहित हूं और दर्शकों को गणपथ की इस नई डायस्टोपियन दुनिया को देखने और अनुभव कराने का इंतजार नहीं कर सकता।

हमेशा की तरह, हमारा प्रयास रहा है कि दर्शकों के लिए लार्जर दैन लाइफ सिनेमा पेश किया जाए और गणपथ निश्चित रूप से अपनी अनूठी और सुरम्य कहानी के साथ आपको रोमांचित करेगी।

पूजा एंटरटेनमेंट गुड कंपनी के सहयोग से गणपथ प्रस्तुत कर रहा है। विकास बहल द्वारा निर्देशित, फिल्म वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और विकास बहल द्वारा निर्मित है।












# सीडब्ल्यूसी का चुनाव नहीं होगा,खड़गे ने किया नॉमिनेट

- » कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन आरंभ
- » कांग्रेस का नवा इतिहास गढ़ रहा छत्तीसगढ़
- » सही दशा में सही दिशा देख रहा अधिवेशन

**रायपुर, 24 फरवरी 2023(ए)।** अखिल भारतीय कांग्रेस का राष्ट्रीय महा अधिवेशन शुरू हो गया है। राष्ट्रीय महा महाधिवेशन के पहले दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के की मौजूदगी में स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि सीडब्ल्यूसी का चुनाव नहीं होगा।सर्वसम्मति से तय किया गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी नॉमिनेट करेंगे। जयराम रमेश ने कहा कि ढाई घंटे चली कमेटी की बैठक में खुली बातचीत हुई। सभी सदस्यों ने अपनी बातें रखीं। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्षों को सीडब्ल्यूसी में प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि पार्टी के नेता, सभी पीसीसी डेलीगेट्स इसका समर्थन करेंगे।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी के स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में शामिल नहीं होने पर कहा कि बैठक में 45 सदस्य बैठे थे। गांधी परिवार से किसी तरह की जूम मीटिंग नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि प्लिनरी सेशन में पार्टी के संविधान में संशोधन के प्रस्ताव पर भी चर्चा होगी। करीब 16 प्रावधानों में संशोधन और 32 नियमों में संशोधन पर प्लिनरी सेशन में चर्चा होगी। संशोधन में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि दलित, आदिवासी, महिला, युवाओं का प्रतिनिधित्व पार्टी में निश्चित किया जा रहा है।

समूचे भारत में कांग्रेस के सबसे मजबूत गढ़ छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय अधिवेशन का आगाज हो गया और इसे अंजाम यानी देश का नेतृत्व पुनः प्राप्त करना है। पहला कदम जनता का विश्वास जीतना है और फिर विपक्ष की ताकत को एकजुट करना, विपक्ष के अधिकांश दलों का सर्वसम्मत नेतृत्व करते हुए भाजपा की सरकार का विकल्प बनना है। देश की जनता का विश्वास हासिल करने, जनता को कांग्रेस से जोड़ने और कांग्रेस को पहले की तरह आम जनता से जोड़ने के लिए कांग्रेस की आशाओं के केंद्र राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा में कड़ी तपस्या कर चुके हैं। उनकी यात्रा को मिले व्यापक जन समर्थन से देश भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है। कांग्रेस देश को संदेश दे चुकी है कि सत्ता संघर्ष की राजनीति के लिए हमारे पास सक्षम युवा नेतृत्व है। व्यावहारिक सत्य है कि कोई भी एक प्रयास में देश का दिल नहीं जीत पाता। कोशिश करते रहना चाहिए। राहुल गांधी ने भाजपा के मुकाबले कांग्रेस की चुनावी हार के बाद पार्टी की अध्यक्षता छोड़ दी लेकिन मैदानी संघर्ष की कमान आज भी उनके पास है। एनडीए की अटल सरकार के खिलाफजो संघर्ष सोनिया गांधी ने किया था, वही आज राहुल गांधी कर रहे हैं। कांग्रेस ने निर्वाचन के जरिये अनुभवी अध्यक्ष के रूप में मल्लिकार्जुन खड़गे को चुनकर साबित किया है कि कांग्रेस में ही इतना बड़ा आंतरिक लोकतंत्र है। मल्लिकार्जुन खड़गे के संगठन नेतृत्व में कांग्रेस छत्तीसगढ़ के रायपुर अधिवेशन में सही दशा में सही दिशा की तरफबढ़ रही है। रायपुर अधिवेशन कांग्रेस के लिए नए दौर में प्रवेश का मार्ग बन सकता है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस को दिशा दिखा रहा है कि कैसे संघर्ष करके सत्ता में आया जाता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मेहनत से कांग्रेस सीख ले सकती है। अन्य राज्यों के कांग्रेस नेता यहां भूपेश बघेल का संघर्ष देख सकते हैं, उस संघर्ष का परिणाम देख सकते हैं और उनका काम देख सकते हैं। अब रायपुर अधिवेशन इसलिए भी याद किया जा सकता है कि कांग्रेस देश की चुनावी जंग जीतने के साथ ही राज्यों में भी अपना पुराना गौरव प्राप्त करने कमर कस रही है। हिमाचल में उसने बाजी जीत ली है। इसी साल छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान के चुनाव हैं। लोकसभा चुनाव के पहले होने वाले सभी चुनाव की चुनौती कांग्रेस के सामने है कि वह कितनी मजबूत बनकर उभर पाती है। रायपुर अधिवेशन की तैयारियों में लगे कांग्रेस नेताओं के यहां प्रवर्तन निदेशालय के छापे ने इस राष्ट्रीय अधिवेशन की अहमियत और बढ़ा दी है। कांग्रेसी नेताओं के यहां प्रवर्तन निदेशालय के छापे को कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर एक चुनौती के रूप में लिया है। इस अधिवेशन से ठीक पहले कांग्रेस के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा की गिरफ्तारी के बाद छत्तीसगढ़ की धरती से कांग्रेस नेतृत्व ने जो संदेश दिया है, वह बता रहा है कि रायपुर अधिवेशन ऐतिहासिक होगा और कांग्रेस की राजनीति के लिए टर्निंग प्वाइंट भी हो सकता है।



## महाधिवेशन के लिए एक साथ पहुंचे राहुल और सोनिया गांधी

### बड़े नेताओं ने किया भव्य स्वागत



कांग्रेस के 85वें महाधिवेशन के लिए कांग्रेस नेता राहुल और सोनिया गांधी रायपुर पहुंच गए हैं। जहां एयरपोर्ट पर सीएम बघेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत समेत कांग्रेस के बड़े नेताओं ने उनका स्वागत किया।

साथ ही उनके स्वागत के लिए छत्तीसगढ़ी कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर उनका छत्तीसगढ़ में स्वागत किया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने पुलिस कर्मियों को लेकर की बड़ी कार्रवाई




### इस वजह से किया 2 पुलिस कर्मियों को सस्पेंड और 1 को लाइन अटैच

**बिलासपुर , 24 फरवरी 2023(ए)। ।** बिलासपुर पुलिस अधीक्षक का चार्ज संभालने के साथ ही एसपी संतोष सिंह ने विभागीय सख्ती भी शुरु कर दी है। एसपी ने तीन पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2 को सस्पेंड कर दिया है वहीं 1 को लाइन अटैच कर दिया है।

एसपी ने साफ कर दिया है कि वे शिकायत मिलने और अनुशासनहीनता पर किसी भी पुलिस कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने अच्छा काम करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए 'कॉप ऑफ द मंथ' चुने जाने का ऐलान किया है। ऐसे पुलिस कर्मियों को हर माह पुरस्कृत किया जाएगा।

## भीषण सड़क हादसे में 2 बच्चों समेत 11 लोगों की दर्दनाक मौत

**रायपुर/बलौदबाजार , 24 फरवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के बलौदबाजार जिले में कल देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया है जिसमे 11 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 2 बच्चे भी शामिल हैं।हादसा पिकअप और ट्रक की टक्कर से हुआ है। सभी मृतक आपस में रिश्तेदार बताये जा रहे हैं।

जानकारी मिलने के अनुसार साहू परिवार के सदस्य कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जब खिलोरा से वापस अपने घर अर्जुनी लौट रहे थे, तभी खमरिया के पास पिकअप वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे 11 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 10 लोग घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल 2 लोगों को रायपुर रेफर किया गया है, वहीं अन्य घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

मृतक सात लोगों के शव को भाटापारा पोस्टमार्टम हाउस में लाया गया है। जबकि चार शव बलौदाबाजार पोस्टमार्टम हाउस में रखे गये हैं। घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू का काम शुरू किया है।

सीएम भूपेश बघेल ने भी इस सड़क हादसे पर शोक जताते हुए



ट्वीट कर लिखा ङ्क बलौदाबाजार ङ्क भाटापारा मार्ग में बीती रात सड़क हादसे में ग्यारह लोगों की मृत्यु का समाचार बेहद दुखद है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति और परिवारजनों को हिम्मत दे।

### भूपेश बघेल ने दुर्घटना में मृतकों और घायलों के लिए किया सहायता राशि का ऐलान

बलौदाबाजार-भाटापारा में देर रात हुए सड़क हादसे में मृत 11 लोगों के लिए भूपेश सरकार ने मुआवजे का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने घटना पर दुख जताते हुए मृतक परिवारों को 4-4 लाख रुपये और घायलों को 1-1 लाख रुपये देने का ऐलान किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मृतकों के लिए सहायता राशि का ऐलान किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रूपये देने का ऐलान किया था। भाटापारा में देर रात हुई भीषण सड़क दुर्घटना में मृत 11 लोगों के लिए मोदी सरकार ने मुआवजे का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर मृतकों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। आपको बता दें कि कल देर रात भाटापारा के अर्जुनी क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा हुआ था, जिसमें ट्रक और पिकअप की टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

## ईडी रेड पर सीएम भूपेश का तंज और ट्वीट कर कहा हसीन संयोग और बेहद हसीन प्रयोग

**रायपुर , 24 फरवरी 2023(ए)।** एक तरफ जहाँ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस महधिवेशन स्टार्ट हो गया है, वहीँ दूसरी तरफ प्रदेश में ईडीकी छापेमारी को लेकर भी चर्चा का बाजार गर्म है. इसी बीच भूपेश ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के महाधिवेशन से पहले नेताओं के घरों के बाद कई सरकारी दफ्तरों में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की जांच पर तंज कसा है



छत्तीसगढ़ पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड 21 फरवरी 2023 को अडानी के अंबुजा सीमेंट और जीएमआर पावर और गोयल स्टील में पॉल्यूशन का निरीक्षण करता है, उसके बाद ईडी 22 फरवरी 2023 को बोर्ड कार्यालय में आकर 36 घंटे अधिकारियों व कर्मचारियों को बंद कर जाँच करती रही।'

ज्ञात हो कि सोमवार को ईडी की कई टीमों ने कांग्रेस नेताओं के ठिकानों पर जांच की थी. यह जांच दो दिनों तक चली. इसके बाद टीमों ने नवा रायपुर स्थित इंद्रावती भवन में श्रम विभाग, जीएसटी भवन और पर्यावास भवन में पर्यावरण संरक्षण मंडल में दबिश दी. इस दौरान बड़े पैमाने पर दस्तावेज भी जब्त किए हैं.

## छात्रों से सवार स्कूली बस पलटी, ड्राइवर और स्कूल संचालक फरार



**सक्ती , 24 फरवरी 2023(ए)।** जिले से सड़क हादसे की एक बड़ी खबर सामने आ रही है जहां स्कूली बच्चों से सवार बस पलट गई है। बताया जा रहा है कि बच्चों को लेकर बस जा रही थी इसी दौरान अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में लगभग 15 बच्चे घायल हो गए हैं।सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्कूली बस सनशाइन स्कूल की है। इस हादसे के बाद बस ड्राइवर और स्कूल संचालक फरार हो गए हैं।

## छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए छत्तीसगढ़ सरकार राजस्थान के कोटा में बनाएगी छात्रावास



### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर निःशुल्क भूखण्ड आबंटित करने का किया आग्रह

**रायपुर , 24 फरवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर उन्हें अवगत कराया है कि छत्तीसगढ़ सरकार राजस्थान के कोटा में कोचिंग करने वाले राज्य के छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए छात्रावास बनाना चाहती है। श्री बघेल ने छात्रावास हेतु निःशुल्क भू-खण्ड आबंटित करने का आग्रह गहलोत से किया है। मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में लिखा है कि राजस्थान के कोटा में विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों में प्रवेश के लिए कोचिंग की अच्छी व्यवस्था होने के कारण छत्तीसगढ़ के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में कोचिंग प्राप्त करने के लिए कोटा, राजस्थान जाते हैं।

छत्तीसगढ़ शासन इन छात्र-छात्राओं के लिए कोटा में एक छात्रावास का निर्माण करना चाहता है।

बघेल ने राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री गहलोत से कोटा में किसी ऐसे स्थान पर छत्तीसगढ़ शासन को निःशुल्क लगभग 01 एकड का भूखण्ड आबंटित करने का आग्रह किया है, जहां से कोचिंग संस्थाओं की दूरी अधिक न हो।

## जोरों पर अवैध धंधा:ठेका समाप्त होने के बाद भी नदी से रेत का अवैध उत्खन्न

**जांजगीर, 24 फरवरी 2023(ए)।** जिले में अवैध खनिज परिवहन जोरो पर है. ठेका समाप्त होने के बाद भी हसदेव नदी और महानदी से रेत का अवैध उत्खन्न और परिवहन कर महंगे दाम में बेचे जाने की शिकायत कलेक्टर से की गई थी. खनिज के अवैध कारोबार पर रोक लगाने कलेक्टर के निर्देश पर जिला के कई थाना क्षेत्र में छापामार कारवाई की गई. खनिज विभाग और पुलिस की टीम संयुक्त कार्रवाई करते हुए 34 वाहनों को खनिज का अवैध परिवहन करते पकड़ा है. सभी वाहनों को जब्त कर खनिज अधिनियम के तहत करवाई की है।



जिले में लगातार खनिज की अवैध उत्खनन और अवैध परिवहन की शिकायत पर कलेक्टर और एसपी ने संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए. जिसके बाद उपपुलिस अधीक्षक के अगुवाई में जांच टीम ने पामगढ़, शिवरीनारायण, अकलतरा, चाम्पा और जांजगीर क्षेत्र में छापामार कार्रवाई कर ठेका समाप्त हो चुके महानदी और हसदेव नदी के रेत घाटों से रेत का अवैध उत्ख़नन और परिवहन करते पाया गया. साथ ही बिना रॉयल्टी के गिट्टी परिवहन, ईंटा और सफेद चूना परिवहन को संयुक्त टीम ने पकड़ा है। खनिज इंस्पेक्टर ने बताया कि, जिला प्रशासन और पुलिस कि संयुक्त टीम कि कार्रवाई से अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया है. संयुक्त टीम ने 34 वाहन खनिज के अवैध परिवहन करते पकड़े हैं, जिसमें ट्रेक्टर, ट्रेलर, हाइवा शामिल है. सभी के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत कारवाई की गई है.

जिले में रेत, गिट्टी और ईंट का कारोबार बड़े पैमाने में अवैध रूप से संचालित होता आ रहा है. खनिज विभाग के अधिकारी स्टाफकी कमी बताते हुए कार्रवाई से बचते हैं, लेकिन कलेक्टर और एसपी के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम की कार्रवाई से खनिज के अवैध कारोबारियों में खलबली मच गई है।

## नक्सली मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर/प्लाटून नम्बर एक ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा, 24 फरवरी 2023(ए)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वर्राटू (घर वापस आईये) के तहत आज 24 फरवरी को भैरमगढ़ एरिया कमेटी अन्तर्गत हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया कंपनी डिप्टी कमाण्डर/प्लाटून नम्बर 01 सुकालू मड़काम पिता सोमडू उर्फ कूटा मड़काम उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी बीजापुर ने प्रभारी पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गोवर्धन राम ठाकुर, दिनेश सिंह चंदेल कमाडेण्ट 230 वीं वाहिनी सीआरपीएफ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा राम कुमार बर्मन बलराम उप कमाडेण्ट 230 वीं वाहिनी सीआरपीएफ, अविनाश कुमार सिंह सहायक सेनानी 230 वीं वाहिनी सीआरपीएफ, आशा रानी अनुविभागीय अधिकारी बारसूर एवं कमलजीत पाटले उप पुलिस अधीक्षक नक्सल आप्स जिला दन्तेवाड़ा के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण कराने में (आसूचना शाखा) 230 वीं वाहिनी सीआरपीएफ का विशेष योगदान रहा।



## कांग्रेस महाधिवेशन के बीच भाजपा का बडा दांव आज रायपुर आ सकते हैं ये केंद्रीय मंत्री!



**रायपुर , 24 फरवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में एक तरफ कांग्रेस का महाधिवेशन चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ खबर आ रही है कि भाजपा के दिग्गज नेता अनुराग ठाकुर 25 फरवरी को रायपुर प्रवास पर आ रहे हैं. ऐसे में लाजिमी है कि प्रदेश में जबरदस्त सियासी ड्रामा देखने को मिल सकता है. केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर के रायपुर प्रवास को लेकर भाजपा कार्यकर्ता बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं. हालाँकि इसे लेकर कोई अधिकृत कार्यक्रम सामने नहीं आया है, लेकिन ऐसी चर्चा है कि वे भाजपा के आवासहीन अधिवेशन में हिस्सा लेंगे.

आरंग में भाजपा द्वारा पीएम आवास के हितग्राहियों के साथ आवासहीन अधिवेशन करने का निर्णय लिया गया है. इसे फाइव स्टार वर्सेस आवासहीन अधिवेशन कहा जा रहा है, जहां भाजपा के नेता बिना किसी पंडाल के खुल में 24 घंटे बैठकर राज्य के 16 लाख हितग्राहियों को पीएम आवास नहीं मिलने के मुद्दे पर प्रदर्शन करेंगे. माना जा रहा है कि कांग्रेस पर जवाबी हमले के रूप में अनुराग ठाकुर का दौरा हो रहा है.

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)